तापमान
अधिकतम 27 डिग्री
न्यूनतम 23 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, सोमवार, 7 जुलाई , 2025

10 सिर्फ अंजोरा की शराब दुकान हटी बाकी शहर के अंदर छलक रहे जाम

11 खांडा पंचायत भवन जर्जर, सिर पर मंडरा रहा खतरा, जनप्रतिनिधियों को डर साया




# तीन एनीकट के जलभराव करने खोले गेट, महाराष्ट्र में भारी बारिश से मोंगरा जलाशय 65 % भरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

शनिवार- रविवार की अच्छी बारिश से शिवनाथ नदी के सूखे एनीकट के लिए जीवनदायिनी साबित हुई है। महाराष्ट्र क्षेत्र में जमकर बारिश हुई है। जिससे मोंगरा जलाशय 65 प्रतिशत भर गया है। मोंगरा जलाशय से शिवनाथ नदी के लिए 2 हजार क्यूसेक पानी छोड़ दिया गया है। इससे शिवनाथ नदी के लिए आने वाले तीन एनीकट के गेट जलभराव के लिए खोल दिए गए हैं। कोनारी भरदा, चंगोरी,और रूदा एनीकट को भरा जा रहा है। यहां से पानी शिवनाथ नदी स्थित महमरा एनीकट में आएगा। जिससे भिलाई-दुर्ग के लोगों को पेयजल के लिए पर्याप्त पानी का स्टॉक जमा हो जाएगा।

### शनिवार-रविवार 35.20 मिलीमीटर बारिश

शनिवार.रविवार को 35.20 मिलीटर बारिश हुई है। जून महीने से अब तक 151.24 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है। जबकि पिछले साल वर्ष 2024 में 228.04 मिलीमीटर बारिश हुई थी। 77.16 मिलीमीटर बारिश कम है। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो जुलाई महीना पिछले साल का रिकार्ड तोड़ देगा और कोटे से ज्यादा बारिश होगी।

### महाराष्ट्र के रास्ते मोंगरा जलाशय से शिवनाथ एनीकट में आ रहा 2 हजार क्यूसेक पानी



### तादुला में 17 और गोंदली में 21 प्रतिशत जलभराव

पिछले तीन दिनों से रूक-रूक कर हो रही बारिश से जलाशयों का जलभराव भी सुधरने लगा है। तादुंला जलाशय में 17.11 प्रतिशत जलभराव है। पिछले साल यानी वर्ष 2024 में 6 जुलाई को 10.80 प्रतिशत जलभराव था। गोंदली जलाशय में 21.09 प्रतिशत जलभराव हुआ है। पिछले साल यहां इस तिथि को 6.65 प्रतिशत पानी का स्टोरेज था। खरखरा जलाशय में 3.47 प्रतिशत जलभराव है। पिछले साल इस जलाशय में 22.72 प्रतिशत पानी था। खरखरा में दूसरे जलाशय से इस बार पानी शिफ्ट नहीं किया गया है। खपरी जलाशय में 63.74 प्रतिशत जलभराव है। पिछले साल 22.72 प्रतिशत जलभराव था। मरोदा टैंक में 30.91 प्रतिशत जलभराव है। पिछले साल 22.88 प्रतिशत पानी का स्टोरेज रहा।

### इन सिस्टम की वजह से आने वाले दो दिन भारी बारिश

मौसम विभाग के मुताबिक मानसून द्रोणिका मध्य समुद्र तल पर सूरतगढ़, सिरसा, दिल्ली, लखनऊ, वाराणसी, डाल्टनगंज, बांकुरा, दीघा और उसके बाद दक्षिण पूर्व की ओर उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी तक स्थित है। ऊपरी हवा के चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से एक निम्न दाब का क्षेत्र गंगेटिक पश्चिम बंगाल और उसके आसपास बन गया है। इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इसके पश्चिम उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए झारखंड और उत्तर छत्तीसगढ़ की ओर अगले दो दिनों में पहुंचने की संभावना है। एक द्रोणिका उत्तर पूर्व अरब सागर से गंगेटिक पश्चिम बंगाल में स्थित निम्न दाब के क्षेत्र तक, उत्तर गुजरात, मध्य मध्य प्रदेश, उत्तर छत्तीसगढ़, दक्षिण झारखंड होते हुए 3.1 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इसलिए 7 व 8 जुलाई को अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।

### जलाशयों का जलभराव

| | | |
|---|---|---|
| तादुंला जलाशय | - 17.11 | प्रतिशत |
| गोंदली जलाशय | - 21.00 | प्रतिशत |
| खरखरा जलाशय | - 03.47 | प्रतिशत |
| खपरी जलाशय | - 63.74 | प्रतिशत |
| मरोदा टैंक | - 30.91 | प्रतिशत |

एक्सपर्ट व्यू

### इस साल बदला बारिश का ट्रेंड



मौसम विशेषज्ञ डॉ. एचपी चंद्रा बतातें हैं कि इस साल मौसम का ट्रेंड फिर बदल गया है। पिछले साल मानसूनी अच्छी बारिश 15 जुलाई के बाद से प्रारंभ हुआ था जो इस बार पहले सप्ताह में ही आ गया है। जिस तरह से पश्चिम बंगाल की खाड़ी में हवा का ऊपरी परिसंचरण प्रबल हुआ है और नन्मि दाब के रूप में यह परिवर्तित हुआ है उससे जुलाई महीने में ही बारिश का कोटा 90 प्रतिशत पूर्ण हो जाएगा। अगस्त महीने में पूरा कोटा पूर्ण होकर सरप्लस बारिश की स्थिति बनेगी।

-डॉ. एचपी चंद्रा , मौसम विशेषज्ञ

### किसान बोनी में न करें देरी

डॉ. चंद्रा कहते हैं कि इस बार मानसूनी बारिश जून से सितंबर तक चलेगा। पिछले साल सितंबर में भी अच्छी बारिश हुई थी। इस बार अगस्त तक ही पूरा कोटा पूर्ण होकर सरप्लस की स्थिति रहेगी। इसलिए किसान खेती-किसानी में देरी न करें, नहीं तो धोखा खा जाएंगे। जिले में 1.36 लाख हेक्टेयर में खरीफ फसल ली जाती है। कई किसान जून महीने में की बारिश होने के बाद खर्रा बोनी कर चुके थे। बीच में बारिश नहीं हुई और अब उन्हे दोबारा बोनी करनी पड़ रही है।

## खबर संक्षेप

### बीएसपी मकान में हादसा बाल-बाल बचे बच्चे



**भिलाई।** बीएसपी के आवास में बड़ा हादसा हो गया है। हादसे में कर्मी का एक परिवार बाल-बाल बच गया है। जानकारी के मुताबिक बीएसपी इंकॉस के कर्मी जी वर प्रसाद का परिवार दहशत में है। जिसे लेकर बीते दो साल से इसकी शिकायत पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। सेक्टर 5 के सड़क 15 क्वार्टर 1 के के निवासी प्रसाद ने 25 अक्टूबर 2023, 27 जून 2024 को ऑनलाइन रूफ लीकेज की शिकायत की गई है। वाशरूम के सामने शाम को प्लास्टर टूटकर गिरा बीएसपी कर्मी के जुड़वा बच्चे मोनिशा, मोहित वहीं आसपास खेल रहे थे। जो हादसे में बाल बाल बच गए। गौतरलब हो कि सेक्टर 8 में एक दो तले मकान की दीवार ही भरी दोपहरी में भरभरा कर जमीन पर आ गिरी थी।

### महिला के खाते से रुपए पार

**भिलाई।** महिला के बैंक खाते से अज्ञात ने रुपए पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अपराध कायम किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि एम पी हाऊसिंग बोर्ड निवासी वी मंजुला का बैंक खाता से अज्ञात ने 77 हजार 601 रुपये निकाल लिया। महिला का खाता भारतीय स्टेट बैंक शाखा इंडस्ट्रीयल एरिया भिलाई में है। महिला जब खाते के पासबुक की एंट्री कराने बैंक पहुंची। तब रुपए खाते से गायब होने की जानकारी मिली। अज्ञात ने खाते से छल पूर्वक राशि ट्रांसफर कर लिया है। जिसकी सूचना पीड़िता ने शाखा प्रबंधक को दी है। तुरंत खाते को ब्लाक किया गया।

**खानापूर्ति ऐसी भी ● प्राकृतिक आपदा से निपटने कागजों में सब कुछ ओके, मौके पर सिर्फ अनदेखी**

# नाला जलकुंभी और नालियां कचरे से अटी, मिट्टी तेल नहीं मिलने से दो बोट बीमार, नियंत्रण कक्ष में ताला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

बारिश के दिनों में प्राकृतिक आपदा विशेष रूप से बाढ़ से निपटने को लेकर प्रशासनिक तैयारी महज कागजों तक सीमित है। प्रशासनिक अधिकारियों ने बैठक में कलेक्टर को सब कुछ ओके तो बता दिया है, लेकिन तैयारियों की जमीनी हकीकत महज खानापूर्ति तक सीमित है। हरिभूमि के पड़ताल में इसका खुलासा हुआ है। हालात यह हैं कि खुद एसडीआरएफ संसाधनों की कमी से जूझ रहा है। इस आधुनिक दौर में भी एसडीआरएफ की टीम मिट्टी तेल के बोट का उपयोग कर रही है। मिट्टी तेल की कमी के कारण दो बोट बीमार हैं। वहीं बाढ़ग्रस्त इलाकों में संसाधन को लेकर पहुंचने के लिए टीम के पास ट्रक की भारी कमी है। इसके जुगाड़ के लिए जल संसाधन विभाग को पत्र लिखकर ट्रक उपलब्ध कराने प्रयास किया जा रहा है। इतना ही नहीं प्रमुख नाले पुलगांव में अब तक सफाई नहीं हो पाई है। नाला जलकुंभी से अटा पड़ा है। भिलाई-दुर्ग की नालियों में कचरा डंप है। बारिश के दिनों में हर बार की तरह गली-मोहल्ले और नदी किनारों के गांवों के जलमग्न होने की पूरी संभावना बनी हुई है। बता दें कि हर साल शिवनाथ नदी किनारे तीन दर्जन गांव बाढ़ से प्रभावित होते हैं। लेकिन प्रशासन की कोई ठोस प्लानिंग नहीं की है।

बाढ़ से निपटने अधूरी तैयारी



### कैसे बचाएंगे लोगों की जान, जब बोट चलाने के लिए नहीं मिल पा रहा केरोसीन

एसडीआरएफ की टीम आज भी मिट्टी तेल से चलने वाले बोट का उपयोग कर रही है। ऐसे में हर साल मिट्टी तेल का खेप समय पर नही मिल पाता है। इस बार भी टीम को दो सौ लीटर की डिमांड पर मिट्टी तेल नही मिल पाई है। टीम के पास दो मिट्टी तेल से चलना वाला बोट हैं, वही पांच बोट पेट्रोल से चलता है। वही एसडीआरएफ में 32 सेटअप में दो जवानों के पद अभी भी रिक्त है। जबकि संभाग स्तरीय टीम के कंधे में सात जिलो की कमान है।

### कभी पीएचई तो कभी जलसंसाधन पर निर्भर

एसडीआरएफ टीम के पास सिर्फ दो ही ट्रक है। जबकि उनके पास पर्याप्त ट्रक की कमी है। एसडीआरएफ प्रमुख नागेन्द्र सिंह ने बताया कि, वन विभाग से एक ट्रक उपलब्ध कराने पत्र लिखा गया है। पिछले साल जल संसाधन से ट्रक मंगाई गई थी। वर्तमान दो ट्रक उपलब्ध है। उन्होने बताया कि, बाढ ग्रस्त इलाके में तत्काल पहुंचने बोट को ट्रक से ले जाते है। इसकी कमी रहने से दिक्कते होती हैं। एसडीआरएफ प्रमुख नागेन्द्र सिंह का कहना है कि कुछ संसाधनों की कमी हैं, हांलाकि हेड क्वार्टर से डिमांड भेजने पर उपलब्ध कराई जाती हैं।



### तहसील के बाढ कंट्रोल रूम में ताला

जिला मुख्यालय और ब्लाक मुख्यालय में बाढ नियंत्रण कक्ष बनाने के निर्देश प्रशासन द्वारा दिए गए है। पडताल में पाया गया कि, कलेक्टोरेट के बाढ नियंत्रण कक्ष खुला पाया गया, वही दुर्ग तहसील में कंट्रोल रूप में ताला लगा मिला। ऐसे में समझा जा सकता है कि, प्रशासन बाढ के संकट में जूझ रहे लोगों की कैसे जान बचाएंगा।

### इन मामलों से समझें कितनी जरूरी है तैयारी

#### यहां पिछले साल बाढ़ में फंसे थे 40 मजदूर

पिछले साल वर्ष 2024 में शिवनाथ नदी किनारे बसे गांव जहां ईंट भट्टा में काम करने वाले मजदूर फंस गए थे। जिसमें भरदा में 40 लोग और आलबरस व चंगोरी में 25 ईंट भट्टे में काम करने वाले मजदूर फंसे थे। सभी को भरदा स्कूल में ठहराया गया था। आधी रात एसडीआरएफ की टीम ने इन्हें बचाया था।

#### भारतमाला परियोजना में काम कर रहे मजदूर फंसे

पिछले साल ही थनौद गांव में बाढ से दो दर्जन मजदूर फंस गए थे। निर्माण कार्य के दौरान सडक किनारे वे रह रहे थे। लेकिन अचानक बाढ का फ्लो बढने से दो दर्जन मजदूर बाढ के चपेट में आ गए थे। आधी रात इसकी सूचना एसडीआरएफ टीम को दी गई थी, जिसके बाद आपरेशन चलाकर सभी ग्रामीण को कुशल निकाला गया था।

#### शहर में भरता है बारिश का पानी, कोई इंतजाम नहीं

हर साल शिवनाथ नदी किनारे न सिर्फ गांव बल्कि दुर्ग शहर के अंदरूनी इलाको तक बाढ का पानी पहुंचता हैं। शिवनाथ नदी में महमरा एनीकट से दस फीट से अधिक फ्लो चलने पर बाढ का पानी गंज चौक, पुलगांव नाका होते हुए रिलायंस पेट्रोल पंप तक पहुंचता है। उधर पुलगांव चौक से आगे डीमार्ट तक इलाका बाढ के पानी से प्रभावित होता है। पिछले साल रिलायंस पेट्रोल पंप के पीछे बडी आबादी को मोटर बोट के जरिए घर की सामग्री लेकर बाहर निकाला गया था।

**बाढ़ से निपटने के लिए हमारी तैयारी पूरी**

एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीम मुस्तैद है। पिछले दिनों माकड्रिल भी कराया जा चुका है। प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। संसाधन भी उपलब्ध है।

- लता युगल उर्वशा, नोडल अधिकारी, बाढ़ नियंत्रण

# भिलाई में बैठकर यूएसए कनाडा में सायबर ठगी

**9 आरोपी गिरफ्तार**




हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

माहभर से भिलाई में कॉल सेंटर खोलकर यूएएस और कनाडा में सायबर ठगी करने वाले 9 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एसएसपी विजय अग्रवाल ने बताया कि चौहान टाउन में युवक, युवतियों द्वारा एक कॉल सेंटर खोला गया था। वहां ऑनलाइन के जरिए सायबर अपराध ठगी का काम किया जा रहा था। सुपेला थाना और चौकी स्मृति नगर की टीम ने चौहान टाउन बी/2 में दबिश दी। वहां से 6 पुरुष और 2 महिलाओं को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद उनकी निशानदेही पर होटल बेल में रूके मुख्य सरगना ग्रीनफिड कालोनी थाना सूरजकुण्ड चौकी ग्रीनफिड जिला फरीदाबाद हरियाणा निवासी अर्जुन शर्मा को गिरफ्तार किया गया। अर्जुन ने पूछताछ में बताया कि ठगी के इस कारोबार में लाबान जिला ईस्ट खासी हिल्स शिलांग मेघालय निवासी संतोष थापा, पियाली देव, चौहान टाउन निवासी रिया राय, विशाल कर, विवेक देव, मुकेश चंद्रनाथ, सरिता विहार नई दिल्ली निवासी अमित कुमार सिंह, भागलपुर बिहार निवासी अनीश शामिल हैं।

■ भसुपेला थाना क्षेत्र की घटना, कॉल सेंटर से करते थे ठगी

अर्जुन शर्मा ने बताया कि हर्ष अवस्थी और सम्यक के साथ मिलकर वो लोग फर्जी ई सिम से इन्टरनेशनल मोबाईल नंबर से फर्जी पेज बनाकर यूएसए के नागरिकों को कम्प्यूटर व मोबाईल में बग (वायरस) भेजते थे। इसके बाद उस वायरस को हटाने के लिए वोल अपने फर्जी पेज का इस्तेमाल करते थे। सम्यक ने पेज में अपना मोबाइल नंबर पेज में डाला था। जब उसके पास कॉल आता था तो उसे आरोपियों के लैपटाप में ट्रांसफर कर देता था। इस तरह से वो लोग ठगी की वारदात को अंजाम देते थे। प्रेसवार्ता के दौरान एएसपी सिटी सुखनंदन राठौर और सीएसपी भिलाई नगर सत्यप्रकाश तिवारी भी मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में युवक की मौत



**अंडा।** ग्राम कोड़िया भानपुरी मार्ग में हुए सड़क हादसे में अंडा निवासी 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक धनोरा कैलाश महिलांगे पिता मोहरदास अपने निवास ग्राम अंडा जा रहा था। जहां कोड़िया क्रास होते ही मोड़ पर उसके वाहन का संतुलन बिगड़ा और सड़क में गिरने के बाद किसी अज्ञात वाहन से टक्कर हो गई, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। ग्रामीण खराब सड़क को लेकर कई बार विभागों के चक्कर लगा चुके हैं। लेकिन छोटा सा एक किलोमीटर का रास्ता खतरनाक होने के कारण रोड जानलेवा बना हुआ है जिससे ग्रामीण नाराज है।

## कालेज सेंटर दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

कॉलेज के लिए ऑनलाइन परीक्षा केन्द्र दिलाने के नाम पर ठगी करने का मामला सामने आया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि ए/16, चन्द्र विहार आशीष नगर (पश्चिम) रिसाली निवासी राजन कुमार दुबे शैलदेवी महावद्यिालय जंजगिरी रोड ग्राम अंडा का अध्यक्ष है। अज्ञात मोबाइल धारक वेदांत कपुर द्वारा शैलदेवी महावद्यिालय को ऑनलाइन एक्जाम सेंटर का दर्जा दिलाने के नाम पर 12 लाख 39 हजार 483 रुपये का ठगी किया गया। 12 अप्रैल 2025 की दोपहर एचसीएल एक्जामिनेशन सेंटर से वेदांत कपूर के द्वारा ऑनलाइन एक्जाम सेन्टर के लिये शैलदेवी महावद्यिालय को एप्लीकेशन फार्म ई-मेल के द्वारा भेजा गया था। जिसमें ऑनलाइन एक्जाम सेंटर की सारी जानकारी मांगी गई थी। महावद्यिालय के द्वारा 'ए ग्रेड सेंटर के लिये फॉर्म भरके 15 अप्रैल को एचसीएल एक्जाम सेंटर को भेजा गया था। अध्यक्ष राजन कुमार दुबे का आधार, पैन, विगत दो वर्षों को आईटीआर, बिजली बिल की प्रति को मेल में संलग्न किया गया था। दो दिन बाद आरके नायर के द्वारा डाक्यूमेंट वेरिफिकेशन से जुड़े मेल से भेजा गया। 18 अप्रैल को एचसीएल परीक्षा सेंटर के एचओडीआर के नायर के द्वारा परिसर का निरीक्षण किया गया था।

**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301

**शहर के गुंडों- बदमाशों की रात में हुई चेकिंग, एसपी ने दिए सख्त निर्देश**

# 23 थानों की पुलिस को 799 गुंडा-बदमाशों की तलाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल ने सभी थानों की पुलिस को गुंडा बदमाशों की चेकिंग करने के स्पष्ट निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी थानों से गुंडा बदमाशों की लिस्ट मंगाई है और सभी की तलाश कर उनकी रिपोर्ट मांगी है। एसएसपी ने जो लिस्ट मंगाई है उसके मुताबिक जिले के 23 थानों और 6 चौकी मेकी पुलिस को 799 गुंडे बदमाशों की तलाश करनी है। इसमें सबसे अधिक 84 गुंडे बदमाश दुर्ग कोतवाली थाने से हैं। जिले में बढ़ते अपराध को रोकने के लिए लगातार पुलिस अभियान चलाकर अपराधियों में शिकंजा कसने का प्रयास कर रही है। इसके चलते शुक्रवार-शनिवार की मध्य रात पुलिस की टीम ने गुंडे बदमाशों के अड्डों पर छापा मारा। पुलिस की टीम खुले में शराबखोरी करने, आवारागर्दी करने वालों अराजकतत्वों पर लगाम लगा रही है। गुंडे बदमाशों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में विभिन्न थानों के 100 से अधिक पुलिस कर्मियों को इसमें लगाया गया है। जानकारी मिली है कि एसएसपी विजय अग्रवाल ने गुंडे बदमाशों की फाइल तलब की है। उसमें 21 गुंडे बदमाशों की मौत हो चुकी है। एसएसपी ने तुरंत मृतकों के नाम को हटाने का निर्देश दिया और फिर से नई लिस्ट जारी की है। आकड़ों की बात करें तो जिले के 23 थानों और 6 चौकियों में कुल 799 गुंडे बदमाश है। जिसमें 134 गुंडे और 74 निगरानीशुदा बदमाशों की मध्य रात चेकिंग की गई।

■ सबसे अधिक दुर्ग कोतवाली में बदमाश



### जिले के थाना और चौकियों में गुंडे बदमाश

पुलिस ने बताया कि शहर व ग्रामीण क्षेत्र के 23 थाना और 6 चौकी है। थाना दुर्ग गुंडे बदमाशों में 84, मोहन नगर 49, पुलगांव 4, पदमनाभपुर 40, भिलाई नगर 58, भट्ठी 12, नेवई 46, सुपेला 67, वैशाली नगर 46, छावनी 74, जामुल 34, खुर्सीपार 48, पुरानी भिलाई 51, कुम्हारी 31, पाटन 17, उतई 21, रानीतराई 7, अमलेश्वर 5, अंडा 6, जामगांव 3, धमधा 14, बोरी 4, नंदिनी 37 है। चौकी अंजोरा 5, जेवरा सिरसा 8, नगपुरा 5, स्मृति नगर 14, मचांदुर 5, लिटिया 4 गुंडे बदमाश है।

### लगातार किया जा रहा है चेकिंग

"गुंडे बदमाशों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस की टीम रात को भी चेकिंग पर निकल रही है। हिदायत के बाद अपराध करने वालों पर कार्रवाई किया जाएगा।अपराधियों का बॉड ओवर भी कराया गया है। अपराध करने पर संपत्ति की कुर्की की कार्रवाई भी की जाएगी। - विजय अग्रवाल, एसएसपी दुर्ग

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
BHILAI | DHANORA
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
कुरुद रोड कोहका, भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93949 • 89595-44444
अग्रसेन एजुकेशन कैम्पस, ग्राम-धनोरा, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93934 • 89595-44444

खबर संक्षेप



## पटरीपार में जनप्रतिनिधियों ने रोपे पौधे

दुर्ग। नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत आज सुबह श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर वार्ड 60 पटरीपार में महापौर अलका बाघमार के नेतृत्व में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में महापौर और अन्य जनप्रतिनिधियों सहित वार्ड के नागरिको ने मिलकर पौधे लगाए, जिससे पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। महापौर ने कहा वृक्षारोपण कार्यक्रम श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था, जो एक प्रसिद्ध शिक्षाविद और भारतीय जनसंघ के संस्थापक थे। इस दौरान पीपल, बरगद, बादम नीम एवं सिंदूर के पौधे रोपे गए। इस अवसर पर पूर्व महापौर चंद्रिका चन्द्राकर, अरुण सिंह, सुरुचि उमरे, युवराज कुंजाम, पटरीपार मण्डल अध्यक्ष मनमोहन शर्मा, जयश्री राजपूत, प्रमोद पाटिल, रेवती कुटेल, सुधा सिंह, संतोष बलराम, मौसमी ताम्रकार, अंजू तिवारी यश चंद्राकर सहित अन्य मौजूद रहें।

## कुश्ती संघ के अध्यक्ष बने शिव, उपाध्यक्ष ऋषिकांत



दुर्ग। जिला कुश्ती संघ दुर्ग की बैठक रविवार को महात्मा गांधी स्कूल प्रांगन मे बैठक हुई। जिसमें राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजन हेतु सर्वसम्मति से परित किया गया। उक्त बैठक में संघ पदाधिकारियो का चयन किया गया। जिसमें अध्यक्ष शिव सागर सिंग, उपाध्यक्ष ऋषिकांत तिवारी, सचिव नागेंद्र शर्मा, कोषाध्यक्ष ललित साहू व कार्यकारणी सदस्य व आजीवन सदस्य व साधारण सदस्य चयन किया गया। इसके लिए सात जुलाई को बैठक भी रखी गई है।
धान संग्रहण केन्द्रों में सड़क मरम्मत कार्य शुरु कर दिया गया है।

## गड्ढों को मलबे और मुरूम से भरे जा रहे



दुर्ग। कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश के परिपालन में जिले के धान संग्रहण केन्द्र सेलूद और अरसनारा अंतर्गत सड़क मरम्मत का कार्य प्रारंभ हो गया है। संग्रहण केन्द्र के सड़कों में गड्ढे मलबे और मुरूम से भरे जा रहे हैं। जिससे अब धान परिवहन व्यवस्था सुगम हो जाएगी। धान से लोडेड ट्रक अब फंसेंगे नहीं, जिससे धान परिवहन में तेजी आएगी। वहीं संग्रहण केन्द्रो से धान का उठाव भी तेज गति से होगी। ज्ञात हो कि विगत दिवस कलेक्टर अभिजीत सिंह ने धान संग्रहण केन्द्रों का निरीक्षण कर सड़कों के गड्ढे मलबों एवं मुरूम से भरने के निर्देश दिये थे। अरसनारा संग्रहण केन्द्र में नगर पालिका अहिवारा एवं जामुल से मलबे लाये जा रहे हैं। वहीं सेलूद संग्रहण केन्द्र में भिलाई-03 चरौदा निगम से मलबे लाये जा रहे हैं। संग्रहण केन्द्र में ट्रकों के आवाजाही हेतु गड्ढों में मलबे एवं मुरूम डालकर मार्ग मरम्मत किया जा रहा है।

## डॉ. मुखर्जी की जयंती पर किया गया पौधारोपण



दुर्ग। चंडी शीतला मंडल अध्यक्ष कमलेश फेकर के नेतृत्व में संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम के तहत डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जन्म जयंती दिवस पर स्मरण व श्रद्धांजलि सभा आयोजन होटल मान चौक में किया गया। कार्यक्रम में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैलचित्र पर माल्यार्पणकर श्रद्धांजलि दी। पश्चात पौधे रोपे गए।

# लापरवाही: सड़क के बीच मौत के गड्ढे, बड़ी दुर्घटना को दावत दे रहे जिम्मेदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

गंज चौक के पास नेशनल हाईवे के बीच में नगरनिगम द्वारा मौत का गड्ढा खोद दिया गया है। यहां रोजाना सैकडों हैवी वाहनों की आवाजाही होती है। इसके बाद भी नगरनिगम द्वारा इस गड्डे को सुधारने बजाय इसमें डिवाइडर लगाकर छोड दिया गया है। जिसके चलते कभी भी बडी दुर्घटना हो सकती है। गंज चौक में पिछले तीन माह से इस तरह की स्थिति हैं।

गंज चौक के सामने कुछ ही दूरी पर जिला कार्यालय है, वही यहां से रोजाना हजारों वाहनों गुजरती है। तेज रफ्तार वाहन इस गड्डे के सामने आकर रूक रही है। इस गड्डे के बीचो बीच डिवाइडर रख दिया गया है।

रात में सबसे बडी समस्या हो जाती है, जब वाहन चालको को इसकी जानकारी नही होती है। इस मामले में नगरनिगम के जल प्रभारी लीना दिनेश देवांगन का कहना है कि, यह गड्डा भिलाई नगरनिगम के पाइप लाइन का है। पाइल लाइन लिकेज होने के कारण इसे खोदा गया था। लेकिन तीन माह से यह गड्डे भरे तक नही गए है। वर्तमान में बारिश के चलते यहां पानी भर गए है, जिससे यह जगह खतरनाक हो गया हैं।

### लंबे समय से नेशनल हाईवे में डिवाइडर लगा रखे, आवाजाही प्रभावित


गंज चौक में लंबे समय से गड्ढे.की नहीं की गई मरम्मत।

#### पुलगांव रोड में भी यही स्थित

पुलगांव वार्ड में अमृत मिशन के तहत हाल ही में बनाए गए पानी टंकी के सामने भी गड्डा खोदकर छोड दिया गया है। यहां भी डिवाइडर रख दिया गया है। हाईवे होने के कारण यहां वाहन चालक आपा खो रहे है। पाइप लाइन लिकेज होने के कारण इसे खोदा गया था। इससे आगे पुलगांव सिग्नल के पास भी डिवाइडर रख दिया गया है। यहां कारण यह है कि, नाली टूट गई, इसे बनाने के बजाय यातायात पुलिस ने भी डिवाइडर रखकर खानापूर्ति कर दी है।


पुलगांव-राजनांदगांव सड़क।


पुलगांव चौक के आगे।

## अनदेखी : हाईवे किनारे शराब का कारोबार बना जी का जंजाल

# सिर्फ अंजोरा की शराब दुकान हटी बाकी शहर के अंदर छलक रहे जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

सुप्रीम कोर्ट के गाइड लाइन के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग से पांच सौ मीटर की दूरी पर कोई शराब दुकान संचालित नही होने चाहिए। लेकिन दुर्ग जिले में हाईवे किनारे जमकर जाम छलक रहे है। हाईवे किनारे की सडक से सटकर शराब दुकान संचालित होने से आवाजाही जहां बाधित हो रही है, वही दुर्घटनाओं का ग्राफ भी लगातार बढ रहा है।

जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे पाबंदी होने के बाद भी जिला प्रशासन और आबकारी विभाग द्वारा धडल्ले से परमिशन जारी कर दिया गया है। विधानसभा चुनाव के पहले दुर्ग ग्रामीण के लोगों ने कंपोजिट मंदिरा दुकान अंजोरा हाईवे से शराब दुकान हटाने की मांग रखी थी। जिसके बाद विधायक ललित चंद्राकर के प्रयास से दुकान हटाकर उसे हाईवे से तीन किमी दूर थनौद में शिफ्ट कर दिया है। लेकिन दूसरी तरफ अभी भी शहर में शराब दुकान संचालित है। जिसमें गंज चौक हाईवे से बिल्कुल लगकर शराब दुकान संचालित हो रही है। यहां दिन हो या रात शराब प्रेमियों की उपस्थिति से सडक जाम रहता है। इसी तरह नया बस स्टैंड के पास हाईवे से लगकर शराब दुकान संचालित हो रही है। जबकि यहां सार्वजनिक जगह होने से लोगों की मौजूदगी अधिक रहती है। इसके आलावा भिलाई के खुर्सीपार में भी हाईवे किनारे शराब दुकान संचालित है। दुर्ग में धमधा नाका ग्रीन चौक के पास शराब दुकान संचालित है। हांलाकि यह स्टेट हाईवे से लगा है। इसके आलावा भिलाई की बात करे तो छावनी, नेहरू नगर, सुपेला, पावर हाउस, चरौदा और कुम्हारी में भी बार और शराब दुकाने संचालित हो रहे है, जिसे लेकर आबकारी का कहना है कि, यह हाईवे से काफी अंदर है।

### गाइडलाइन का नहीं हो रहा पालन, बढ़ रही आए दिन दुर्घटनाएं


ग्रीन चौक दुर्ग।


गंजपारा चौक दुर्ग।

#### मंदिर के दायरे में आ रहे आधा दर्जन शराब दुकानें

धार्मिक स्थलों और स्कूलों को लेकर भी निर्देश है। इस निमय में सौ मीटर के दायरे में स्कूल और मंदिर नही आनी चाहिए। हरिभूमि ने दुर्ग शहर के आधा दर्जन से अधिक शराब दुकानों का जायजा लिया। जिसमें पाया कि, गंज चौक स्थित सतीचौरा मंदिर हैं। यही पर शीतला मंदिर और शराब दुकान के समीप ही हनुमान की मंदिर है। इसकी दूरी महज 40-50 मीटर होगी। इसके आलावा गंज चौक से आगे बघेरा मोड पर भी शराब दुकाने है। इसके समीप ही जैन मंदिर स्थित है। इसके आलावा पावर हाउस नंदिनी रोड, जामुल और जवाहर नगर भिलाई में भी पास में मंदिर है। ये दोनो दुकान नेशनल हाईवे से लगा हुआ हैं। जिसके चलते आय दिन सडक दुर्घटना भी होते रहती है।

#### बघेरा वार्ड बना शराब प्रेमियों के लिए हाटस्पाट

दुर्ग के बघेरा वार्ड में ही आधा दर्जन दुकान होने से यह जगह शराब प्रेमियों के लिए हाटस्पाट बन गया हैं। नेशनल हाइवे मुंबई-कोलकत्ता बाईपास दुर्घटना जनित क्षेत्र होने के बावजूद यहां बघेरा से लगे नयापारा 1.5 कि.मी की दूरी में शराब दुकान, बघेरा से गंजपारा 1.8 कि.मी. दूरी पर, उरला 1.4 कि.मी. दूरी पर, टोलप्लाजा लेप्ट साइड 1.8 कि.मी. दूरी पर, टोलप्लाजा राइड साइड- 1.8 कि.मी. दूरी और रेल्वे स्टेशन ग्रीन चौक 1.8 कि.मी. दूरी पर शराब दुकाने है। पिछले माह में ही बघेरा वार्ड में नई शराब अलग से खुल रही थी, जिसके विरोध में सैकडों महिलाओं ने रैली निकालकर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा था। इसके पहले ब्रम्हकुमारी बहनों ने भी ज्ञापन दिया था।

#### सांसद ने कहा था हाईवे से हटाए शराब दुकानें

दो दिन पहले जिला कार्यालय में सडक सुरक्षा समिति की बैठक रखी गई थी। इस दौरान सांसद विजय बघेल ने राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे संचालित शराब दुकानों को अन्य जगह स्थानांतरित करने निर्देश दिए थे, उन्होने माना कि हाईवे किनारे शराब दुकानों के कारण दुर्घटनाएं अधिक हो रही है। बैठक में नो एन्ट्री जोन, गुरूद्वारा तिराहा से दुर्ग शहर की ओर एवं अंजोरा बायपास से पुलगांव दुर्ग शहर की ओर भारी मालवाहकों के प्रवेश को प्रतिबंधित करने भी कहा गया था।

#### मुझे नहीं मालूम

जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे कितने दुकान संचालित है। इसकी जानकारी मुझे नही है।
**-एसएन साहू,** जिला सहायक आबकारी अधिकारी दुर्ग

#### स्पष्ट गाइडलाइन

सुप्रीम कोर्ट का स्पष्ट निर्देश है कि, हाईवे से पांच सौ मीटर के दायरे में बिल्कुल भी शराब दुकान संचालित नही होनी चाहिए। स्कूल और धार्मिक स्थल नही आने चाहिए। लेकिन इसके बाद भी गाइड लाइन का उल्लघन करने से कार्यवाही का प्रावधान है।
**-रविशंकर सिंह,** सचिव जिला अधिकवक्ता संघ

## राशि जारी होने के बाद भी 14 सौ मकान अप्रारंभ, नोटिस जारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना के चौदह सौ हितग्राहियों को पहली किस्त जारी होने के बाद भी निर्माण कार्य शुरू नही किया गया है। इन्हें एक माह के अंदर निर्माण शुरू करना था। लेकिन ऐसा नही पाए जाने पर सीईओ ने करीब चौदह सौ को नोटिस जारी किया है। वहीं आगामी 15 जुलाई तक वर्ष 2016-25 की स्थिति में मकान बनाने रूचि नही दिखान वाले हितग्राहियों की पात्रता भी निरस्त की जाएगी। जिसके चलते हितग्राहियों में खलबली मची है।

■ नोटिस जारी कर समयसीमा में कार्य करने के निर्देश

प्रधानमंत्री आवास के अंतर्गत प्रथम किशत प्राप्त होने के बाद भी अप्रारंभ आवास, जिसमें जनपद पंचायत धमधा में 631, दुर्ग में 496, पाटन में 285 है। इस प्रकार कुल 1412 को प्रदान किए गए हैं। सभी हितग्राहियों को नोटिस जारी कर समय सीमा में कार्य प्रारंभ करने निर्देशित किया गया हैं। वहीं द्वितीय किस्त प्रदान किए गए एक माह से अधिक आवास जनपद पंचायत धमधा में 1637, दुर्ग में 524 एवं पाटन में 1001 इस प्रकार कुल 3162 आवास को जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

#### पलायन व अन्य कारणों से निर्माण अधूरा

सीईओ बजरंग दुबे ने बताया कि, वित्तीय वर्ष 2016-25 तक हितग्राहियों की सूची तैयार हो रही है। इसमें पात्रता के बाद कई हितग्राही पलायन व मृत्यु व अन्य कारण से मकान नही बन पाए हैं। ऐसे समस्त आवास के हितग्राहियों का ग्राम सभा में प्रस्ताव लेकर 15 जुलाई तक निरस्त करने का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। वही पीएम आवास 2.0 के सहायता प्राप्त हितग्राहियों का सत्यापन नोडल अधिकारी द्वारा 31 जुलाई तक पूर्ण करने का निर्देश दिया गया हैं।

## गुरुपूर्णिमा महोत्सव एवं ऋषि प्रसाद जयंती 10 को

दुर्ग। आशाराम बापू आश्रम नंदिनी नगर अहिवारा में 10 जुलाई को गुरुपूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। श्री योग वेदांत समिति द्वारा आसपास के गांवों में आमंत्रण दिया गया है। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 5 बजे से युवा सेवा संघ के संस्कार सभा एवं सभी साधक भक्तों द्वारा गुरुपूजन किया जायेगा। उसके बाद हवन पूजन, पादुका यात्रा भजन कीर्तन, सत्संग भी किया जायेगा। सभी भक्तों के लिए निःशुल्क भोजन भंडारा दिन भर चलेगा। कार्यक्रम शाम 4 बजे महाआरती के साथ सम्पन्न होगा। यह जानकारी महिला मंडल के राधिका साहू ने दी।

## लक्ष्य से 108% अधिक बीज उपलब्ध, निगम का दावा किसानों को नहीं होगी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

खरीफ 2025 सीजन के लिए जिले में किसानों को बीज की उपलब्धता को लेकर कोई समस्या नहीं है। कृषि विभाग द्वारा विभिन्न फसलों के लिए 28,167 क्विंटल बीज की मांग की गई थी, जिसके मुकाबले आज दिनांक तक धान, अरहर, सोयाबीन, उड़द, मूंग और रागी सहित कुल 29,649.78 क्विंटल बीज उपलब्ध कराया गया है।

■ 87 सेवा सहकारी समिति करेंगी वितरित



यह आंकड़ा मांग से 108 फीसदी अधिक उपलब्धता को दर्शाता है, जिससे किसानों को पर्याप्त बीज उपलब्ध हो पाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, उपलब्ध बीज में से 27,178.10 क्विंटल बीज जिले की 87 सेवा सहकारी समितियों द्वारा किसानों को वितरण हेतु उपलब्ध कराया गया है, जो कि उपलब्ध बीज का लगभग 94% है, जिसका किसानों द्वारा उठाव किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त, विभागीय प्रदर्शनों के लिए कृषि विभाग के पास 183 क्विंटल बीज मौजूद है। जबकि बीज उत्पादन कार्यक्रम और किसानों को नगद बिक्री हेतु प्रक्रिया केंद्र रुआबांधा से 1,952 क्विंटल बीज उपलब्ध कराया गया है। किसानों को उनकी मांग के अनुरूप बीज निगम द्वारा प्रमाणित, आधार और प्रजनक बीज उपलब्ध कराया गया है।

इन बीजों का उपयोग सामान्य बोनी के साथ-साथ आगामी वर्ष हेतु बीज उत्पादन कार्यक्रम में भी किया जा रहा है, जिससे भविष्य के लिए भी गुणवत्तापूर्ण बीज की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। वर्तमान में, वितरण के उपरांत समितियों में 1,100 क्विंटल और बीज निगम में 530 क्विंटल बीज शेष है। इन बचे हुए बीजों का वितरण, विक्रय कार्य किसानों के बीच निरंतर जारी है।

## महासभा को लेकर कांग्रेस सक्रिय, हर कार्यकर्ता पहुंचेगा: वोरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

राजीव भवन में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरुण वोरा की उपस्थिति रही। यह बैठक आगामी 7 जुलाई को रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित होने जा रही ₹जवान-किसान-संविधान महासभा₹ की तैयारियों को लेकर बुलाई गई थी। इस महासभा में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और एआईसीसी के महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल एक दिवसीय दौरे पर रायपुर आ रहे हैं। बैठक में जिला अध्यक्ष गया पटेल, पूर्व महापौर आरएन वर्मा, पूर्व महापौर धीरज बकलीवाल, ब्लॉक अध्यक्ष अल्ताफ अहमद, प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र साहू, अयूब खान, प्रेमलता साहू, रत्ना नरमदेव, ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार पाली, अजय मिश्रा, राजकुमार साहू, अल्ताफ अहमद तथा कांग्रेस के सभी विंग यूथ कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवा दल, महिला कांग्रेस, पूर्व पार्षदगण एवं वर्तमान पार्षदगण की गरिमामयी उपस्थिति रही।बैठक में निर्णय लिया गया कि, दुर्ग से बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी। जिला कांग्रेस कमेटी ने यह भी आश्वासन दिया कि, जिन कार्यकर्ताओं के पास रायपुर पहुंचने के संसाधनों की कमी है, उन्हें हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी।

■ राजीव भवन में बैठक लेकर बनाई रणनीति




## राजनीतिक पार्टियों को निर्वाचन आयोग की नोटिस

दुर्ग। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ द्वारा राष्ट्रीय आदिवासी बहुजन पार्टी के अध्यक्ष, प्लाट नंबर 4, पुष्पक नगर जुनवानी रोड भिलाई जिला दुर्ग तथा राष्ट्रीय समाजवादी स्वाभिमान मंच के अध्यक्ष, प्लाट नंब 33/34 लक्ष्मी नगर रिसाली दुर्ग को वर्ष 2019 से पिछले 06 वर्षों में लोकसभा या किसी राज्य विधानसभा उपचुनाव में किसी भी चुनाव में कोई उम्मीदवार खड़ा नहीं करने के चलते कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त पार्टियों को 11 जुलाई 2025 को सुनवाई के लिए कार्यालय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी में उपस्थित होने कहा गया है। सुनवाई के दौरान दल के अध्यक्ष, महासचिव, प्रमुख को अनिवार्य रूप से उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा गया है।

## जिला पंचायत समीक्षा बैठक आयोजित की गई

# जिले में 10 को एक पेड़ मां के नाम पर रोपेंगे पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

आगामी दस जुलाई को व्यापक स्तर पर एक पेड मां के नाम पर पौधे रोपे जाएंगे। इसके लिए सीईओ जिला पंचायत ने बैठक ली। समीक्षा बैठक बिंदुवार चर्चा की गई, उन्होने कहा कि शासन की महत्वपूर्ण कार्य हैं।

■ अभियान का उद्देश्य जलस्त्रोतों के पुनर्जीवन को बढ़ावा देना

जिला दुर्ग प्रति वर्ष जल स्तर तेजी से नीचे जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में जल शक्ति से जल भागीदारी (कैच द रेन,) जल संरक्षण व संवर्धन की जिम्मेदारी से कार्य किया जाना है। सभी सीईओ जनपद पंचायत की बैठक में इस महाअभियान का उद्देश्य केवल जल बचाना नहीं, बल्कि समाज में जल के विवेकपूर्ण उपयोग की आदत विकसित करना और पारंपरिक जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन को बढ़ावा दिया जाना हैं।




#### हैंडपंप के पास बनेगा रिचार्ज पीट

बंद पडे हैण्ड पम्प में रिचार्ज पीट निर्माण कार्य करने तांदुला जल संसाधन विभाग को जनपद पंचायत दुर्ग में 59 और जनपद पंचायत धमधा में 118 एवं पाटन में 88 कुल 265 स्वीकृति किया गया, वही सोक पीट निर्माण तांदुला दुर्ग को कुल जनपद पंचायत दुर्ग में 100 जनपद पंचायत धमधा में 126 एवं पाटन में 74 कुल 300 स्वीकृत किया गया है। कैच द रैन अभियान के तहत वर्षा जल संचयन (रेनवाटर हार्वेस्टिंग) के महत्व को विस्तार से समझाया गया और भूजल स्तर में आ रही गिरावट को रोकने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। प्रत्येक ग्राम पंचायत को मानसून पूर्व व पश्चात भूजल स्तर का रिकॉर्ड रखने हेतु निर्देशित किया गया है। प्रति दिन निर्माण कार्य की फोटोग्राफस को शेयर करने को कहा गया।

#### पीएम आवास के सामने लगेंगे पौधे

जिले में 10 जुलाई 2025 को प्रधानमंत्री आवास के हितग्राही आवास में रोपण किए जाने निर्देश दिए गए। वहीं तालाब एवं रोड किनारे प्लांटेशन पौधे रोपणी कार्य तैयारी किया जाने का कहा है। सीईओ ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्य की समीक्षा के प्रथम किस्त एवं द्वितीय किस्त निर्माण कार्यों का प्रगति लाने हेतु कहा गया प्रधानमंत्री आवास योजन अंतर्गत हितग्राहियों का बैंक अकाउंट से आधार को लिंक कराकर (केवाईसी) सूची जिला पंचायत को प्रेषित करने के निर्देश दिए गया, इस संबंध में जनपद स्तर पर आयोजित वीएलसीसी बैठक में बैंक मैनेजर से समन्वय कर जल्दी केवाईसी करने हेतु निर्देशित किया गया।



## खबर संक्षेप

### निगम करेगा सेमरिया के 35 एकड़ में पौधारोपण



**भिलाई।** भिलाई निगम सेमरिया गांव में वृहद पौधरोपण अभियान चलाने जा रहा है। सेमरिया में निगम की 35 एकड़ जमीन रिक्त है। आयुक्त राजीव कुमार पांडेय के निर्देशानुसार अधीक्षण अभियंता अजीत तिग्गा और उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू द्वारा सेमरिया स्थित नगर पालिक निगम भिलाई स्वामित्व जमीन का निरीक्षण बहुमूल्य पौधों के वृक्षारोपण के उद्देश्य से किए।

### डॉ. मुखर्जी की जयंती मां के नाम लगाए पौधे



**अंडा।** भारतीय जनता पार्टी के पितृपुरुष और जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जन्म जयंती एवं एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम रविवार की सुबह रेस्ट हाउस अंडा में आयोजित किया गया। जिसमे प्रमुख रूप से डिलेश गब्बर साहू महामंत्री, कार्यक्रम संयोजक अजीत चंद्राकर,सह संयोजक बेला यादव, मनोज गोलू चंद्राकर,मण्डल उपाध्यक्ष अजय चौहान, नूतन निर्मलकर,मुकेश चंद्राकर कार्यालय मंत्री अध्यक्ष सेवा सहकारी अंडा एवं निकुम पुकेश चंद्राकर, भैयालाल साहू,उपसरपंच अंडा यशवंत बंजारे, मण्डल सह कोषाध्यक्ष विजयलक्ष्मी कन्नौजे, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता घनश्याम दिल्लीवार, धरम लाल पिपरिया, छगन दिल्लीवार, हेमलता देशमुख, दीपा गन्धर्व, तिलक चंद्राकर, रोशन मुन्ना देशमुख, मणी राम निषाद आदि मौजूद थे।

# भगवान श्रीराम प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के साथ हुआ अभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग जिले ग्राम रिसामा में ग्रामवासियों ने मिलकर भगवान श्रीराम चंद्र की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की और अभिषेक किया। माँ शीतला मंदिर के समीप एक नवीन मंदिर में भगवान राम दरबार की मूर्ति की स्थापना की गई है। , जिसमें भगवान राम, सीता, लक्ष्मण और हनुमान की मूर्तियों की स्थापना की गई।इस मंदिर में भगवान राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया। इस समारोह में, ग्रामवासियों ने मिलकर भगवान की मूर्ति का अभिषेक किया, जो कि एक पवित्र और पारंपरिक क्रिया है। इस अवसर पर, गांव के लोग, विशेष रूप से महिलाएँ, पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुईं और भजन-कीर्तन करते हुए उत्सव मनाया। यह आयोजन, भगवान राम के प्रति श्रद्धा और भक्ति का प्रतीक है। प्राण प्रतिष्ठा के बाद, गांव में एक उत्सव का माहौल था, जिसमें सभी ने मिलकर प्रसाद ग्रहण किया और भगवान राम का आशीर्वाद लिया। महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली और श्रद्धालुओं ने गाजे-बाजे के साथ नगर भ्रमण किया। आचार्य पंडित महेन्द्र पांडे, पंडित चंदन पांडे द्वारा वैदिक मन्त्रोंचार कर मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गयी। पंडित महेन्द्र पांडे ने कहा कि यहां प्राण प्रतिष्ठा होने से सम्पूर्ण ग्रामवासी सहित पुरे क्षेत्र का कल्याण होगा। ग्रामीण जनों ने बताया यह बहुंत प्राचीन मंदिर थी जर्जर होने के कारण इसे पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू द्वारा धर्मस्व विभाग से नवीन मंदिर बनवाया गया है आज मंदिर का पुनरनिर्माण कर मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गयी है। इस अवसर पर ग्राम के रामायण समिति, लीला मंडली सहित ग्राम वासी की संख्या में श्रद्धालु भक्त मौजूद थे।

**पारंपरिक वेशभूषा में भजन कीर्तन करते हुए शामिल हुए ग्रामीण**





## शासन-प्रशासन इस मुद्दे पर मौन साधे हुए

# खांड़ा ग्राम पंचायत भवन हुआ जर्जर जनप्रतिनिधियों की जान जोखिम में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| निकुम

हजारों ग्रामीणों को सरकारी योजना का लाभ देने वाली ग्राम पंचायत भवन खांडा अपनी जर्जर बिल्डिंग की दशा देख कर खुद आंसू बहा रहा है। लगभग 25 वर्ष पहले बना सचिवालय भवन पूरी तरह जर्जर हो गया है। छत का प्लास्टर गिरते रहता है। ऐसे में यहां बैठने वाले पंचायत प्रतिनिधि व अन्य लोग सहम कर अपने काम को अंजाम देते हैं। समस्या से रूबरू कराने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी व जनप्रतिनिधि चुप्पी साध कर हादसे का इंतजार कर रहे है। वही बारिश के मौसम के कारण खुलेआम दुर्घनाओं को खुला निमंत्रण दे रहा है। बिल्डिंग पुरानी होने के कारण दीवारों में सीलन आते रहती हैं जिसके कारण शासकीय दस्तावेज बारिश में खराब होने की आशंका बनी रहती है।शिवनाथ नदी के नजदीक बसाहट के कारण भवन को बरसात में ज्यादा खतरा है,सरपंच, सचिव सहित सभी पंच जर्जर बिल्डिंग होने के बावजूद डर व दहशत के माहौल में काम कर रहे हैं। वर्तमान सरपंच ग्राम पंचायत खाड़ा नंद कुमार साहू ने कहा कि 25वर्ष पूर्व बना भवन जर्जर हो चुकी है हो चुका है, मीटिंग के समय सभी को हादसे होने भय बना रहता हैं कई बार क्षेत्र की जनप्रतिनिधियों को अधिकारियों को सूचना दे चुके हैं फिर भी जिम्मेदार हादसे का इंतजार कर रहे हैं दुर्भाग्य है। वही सभी पंचों ने एक स्वर में कहा बिल्डिंग को तोड़ कर कर नई पंचायत बिल्डिंग स्वीकृत की जाए।

- 25 साल पुराना भवन जर्जन हो चुका, लेकिन प्रशासन नहीं ले रहा सुध, नया भवन बनाने की मांग

**कभी भी गिर जाता है भरभरा का छत का प्लास्टर**





## अंचल और शहर की खबरें

### विद्यारम्भ में प्रतिभावान विद्यार्थियों का हुआ सम्मान



**कुम्हारी।** कुम्हारी के विद्या ज्योति इंग्लिश मीडियम स्कूल में 'विद्यारम्भ' कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि वार्ड क्रमांक 15 के पार्षद अनुराग गुप्ता, विद्यालय के मैनेजर फॉदर थॉमस नेरमवेलील एवं प्राचार्य फॉदर लिज्यों मैथ्यू ने दीप प्रज्जवलन के साथ शुभारंभ किया। सीनियर छात्राओं ने प्रार्थना गीत प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि अनुराग गुप्ता ने केजी-1 के बच्चों को अक्षारंभ लेखन करवाया गया। मिडिल कक्षा के छात्र छात्राओं द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि अनुराग गुप्ता ने गतवर्ष सत्र 2024-25 बोर्ड परीक्षा में अधिक अंक प्राप्त करने वाले कक्षा दसवी में विद्यालय में प्रथम एवं दुर्ग जिला की मेरिट सूची में 96.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर आठवां स्थान प्राप्त करने वाले समीर कुमार कुर्रे को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। उसी क्रम में द्वितीय सरन्या दीक्षित 95.00 प्रतिशत, तृतीय हर्षित जायसवाल 93.00 प्रतिशत, अंजुमन 92.67 प्रतिशत सेजल श्रीवास्तव 91.67 प्रतिशत, अयान कुमार पाण्डेय 91.50 प्रतिशत, हनी ग्रेस 91.50 प्रतिशत, स्वर्णा विश्वकर्मा 91.00 प्रतिशत एवं कक्षा 12वीं से वाणिज्य संकाय की नवनीत कौर भाटिया 87.60 प्रतिशत को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। प्राचार्य फाँदर लिज्यों मैथ्यू ने मुख्य अतिथि को शाल एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। कार्यकम में पालक, अभिभावकगण व नगर के कई गणमान्य नागरिक , सभी छात्र-छात्राए व शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे। कक्षा 6वीं के छात्र हितेश शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

### रितिका, ओमिका व खिलेंद्र को मिलेगी छात्रवृत्ति







**अंडा।** राष्ट्रीय साधन-सह-योग्यता छात्रवृत्ति (एनएमएमएस) के लिए विनायकपुर से 3 बच्चों का चयन हुआ है। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला विनायकपुर विकासखंड दुर्ग से 3 बच्चों रितिका देवांगन, ओमिका पटेल और खिलेंद्र देशमुख को इस परीक्षा के तहत प्रतिमाह चार वर्ष तक 1000 रू की छात्रवृत्ति मिलेगी। शाला प्रवेश उत्सव में विद्यार्थियों की इस उपलब्धि में शाला परिवार द्वारा एवम्-ग्राम के गणमान्य नागरिकों ने बच्चों को सम्मानित किया। इस दौरान प्राचार्य मंजीत सिंह राजपूत,सीएसी किशोर कुमार दिल्लीवार, प्राथमिक प्रधान पाठक टिकेंद्र चंद्राकर , माध्यमिक प्रधान पाठक नरेश गायकवाड़, सरपंच योगेंद्र दिल्लीवार, उपसरपंच शशि ठाकुर एसएमसी अध्यक्ष मोती मारकंडे, स्मृति सोनी , भामिनी महार , बीना देवांगन , गोदावरी देवांगन, लक्ष्मी साहू , ललित साहू, दिनेश देशमुख,दीपक देवांगन एवं सभी विभाग के शिक्षक गण उपस्थित रहे।

### वृंदा नगर वार्ड-29 में लोगों ने की सफाई



**भिलाई।** वार्ड 29 वृंदा नगर के अटल आवास क्षेत्र में स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के तहत नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा चलाई जा रही सफाई अपनाओं बीमारी भगाओ अंतर्गत वार्ड 29 के नागरिक एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के द्वारा विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस क्षेत्र में सफाई करके वार्ड पार्षद संजय सिंह के साथ वार्ड वासियों ने न केवल गंदगी हटाई बल्कि आने वाले दिनों में यहां वृक्षारोपण कर इसे एक छोटी नर्सरी और हरा-भरा क्षेत्र बनाने का संकल्प लिया है। पार्षद ने कहा कि इस प्रयास का उद्देश्य है कि वार्ड में अधिक से अधिक हरियाली हो, वातावरण स्वच्छ और सुंदर बने, और लोगों को शुद्ध हवा व स्वच्छ वातावरण मिल सके। सफाई के साथ-साथ सुंदरता भी हमारा लक्ष्य है। इस कार्य में सहभागिता देने वाले सभी नागरिकों को धन्यवाद दिया और शहर वासियों से अपील की कि अपने आसपास सफाई रखें, पौधारोपण में भाग लें और वार्ड के विकास में सक्रिय सहयोग करें।

### धनोरा गुरु पूर्णिमा पर 13 को जुटेंगे कलाकार

**अंडा।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में स्वर्गीय परमानंद कठोलिया की श्रद्धांजलि एवं पुण्य तिथि 13 जुलाई को धनोरा मे सभी कलाकार एक जगह इकट्ठा होंगे। जस सम्राट अरुण यादव, दुकालू यादव, पुरन साहू, मंगल वर्मा,डेविड निराला , राम आधार सारथी , राजेश सिन्हा, सुनील सिहोरे,लोक गायक-गायिका सुरेश ठाकुर ,पुर्णिमा साहु , गौरीशंकर कश्यप , दुष्यंत हरमुख , कुलदीप सार्वा , महादेव हिरवानी , कविता वासनिक, टोमन वर्मा, मही मंहत, मालती निषाद , नीतु भट्ट , रिंकी देवांगन , केवंरा सिन्हा , लोक मंजरी संचालक रिखी क्षत्रिय, राजेश मारु बैगा ग्रुप, हर्ष कुमार, बिंदु रचनाकार, परमानंद मोहनी, तारा सिंह चौहान, अगराहित निषाद, भवानी नायक, चेतन बघधरा, उभयराम, विष्णु कश्यप, लोक गायक गोविंद साव, संगीतकार जगन बाबा, उद्घोषक डोरेलाल साहू, देवा सोनकर, दुलचंद यादव, राजू साहू, कमलेश सिन्हा, नकुल कठोलिया जस एवं फाग संघ अध्यक्ष, जुगल कठोलिया और मनहरण साहू जस गायक आदि सभी कलाकारों का आगमन दरबार के लक्ष्मण बाबा ने बताया कि यह कार्यक्रम सुबह 9 बजे से रात्रि 8 बजे तक निरंतर जारी रहेगा। बाबा ने सभी भक्तों से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में आकर इस कार्यक्रम को सफल बनाएं और अपने जीवन को धन्य बनाए।

# ग्रामीणों ने स्वास्थ्य शिविर का लिया लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद



विकासखण्ड स्तरीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन स्थानीय दुर्गा मंच में किया गया। जिसमें आयुर्वेद एवं होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श एवं औषधि वितरण किया गया। शिविर में नेत्र जांच और रक्त परीक्षण की सुविधा भी उपलब्ध रही। आयोजन में मुख्य अतिथि डुलेश्वर मानकुंवर , सभापति जनपद पंचायत पाटन एवं विशिष्ट अतिथि कमलेश चेलक तथा मनोज वर्मा पंच उपस्थित रहे। डॉ दिनेश चंद्रवंशी जिला आयुष अधिकारी दुर्ग के मार्गदर्शन में आयुष विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल458 ग्रामीणों ने इस शिविर का लाभ लिया।

- आयुष विभाग की पहल पर लगाया गया स्वास्थ्य शिविर

# देश प्रेम और संस्कार से ओतप्रोत था श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर



प्रदेश भाजपा एवं जिला भाजपा के मार्गदर्शन अनुसार जामगांव आर भाजपा मंडल में डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी जन्म जयंती समारोह का आयोजन रविवार को हुआ।समारोह में भाजपा मंडल जामगांव आर में बूथों के अध्यक्ष , सेवा सहकारी समिति के प्राधिकृत अध्यक्ष गण, स्कूलों के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष, पंचायत प्रतिनिधि, सक्रिय सदस्य गण,महिला मोर्चा,युवा मोर्चा सहित भाजपा जन्म काल दशक के वरिष्ठ भाजपा नेता गण उपस्थित रहे। भाजपा जामगांव आर मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू ने कहा कि डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी के रग रग में देश प्रेम और भारत का सांस्कृतिक भाईचारा कूट कूट कर भरा था, उनका जीवन देश प्रेम और संस्कार से ओतप्रोत था। उन्होंने कहा महापुरुषों के आदर्शो को आत्मसात कर कार्यकर्ता देश में संस्कार की ज्योति जलाकर जन मानस को खुशहाली दे। जामगांवआर भाजपा मंडल महामंत्री द्वय निर्मल जैन और पूर्णेंद्र सिन्हा ने कहा कि डॉ श्यामप्रसाद मुखर्जी के पद चिन्हों पर चलकर अपना और देश का भला कर सकते है। कन्हैयालाल साहू ने भी अपने विचार रखे। डॉ श्यामप्रसाद मुखर्जी जन्म जयंती समारोह में कोषाध्यक्ष अरुण चंद्राकर, उपसरपंच मुकेश साहू, भाजपा नेता बेनीराम साहू, नरेश केला, शैलेंद्री मंडावी, मेघनाथ सागरवंशी, मनीष जैन, अंगेश्वर साहू, किशोर साहू और सीताराम साहू सहित अन्य मंचासीन रहे।

- जनप्रतिनिधि और भाजपा से जुड़े लोग हुए शामिल

### बच्चों को तिलक लगाकर कराया स्कूल प्रवेश

दुर्ग। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बघेरा में नवप्रवेश उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष विद्या नामदेव, पूर्व शाला विकाश समिति के अध्यक्ष, भागी गुरुजी, वार्ड पार्षद ललित ढीमर, शिक्षा वृद से मनोहर पटेल जी,तोमेश साहू, किशोर नायक, झाला राम साहू, भूपेंद्र राजपूत, स्कूल के प्राचार्य बंछोर, प्रधान पाठक और स्कूल के सभी शिक्षक उपस्थित रहे। इस अवसर पर नवप्रवेशी छात्रों का स्वागत किया गया और उन्हें शाला परिवार में शामिल होने पर बधाई दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने छात्रों को शिक्षा के महत्व और शाला के नियमों के बारे में जानकारी दी। बच्चों कों स्कूल यूनिफार्म, अध्यापन का समय के साथ खेल खुद और व्यायाम पर ध्यान देने की बात कही।

## बिजनेस साइट

# ओम ज्वेलर्स को ग्राहकों का मिल रहा बेहतर प्रतिसाद




**भिलाई।** शहर के हृदय स्थल इंदिरा मार्केट प्रिया श्रृंगार सदन के सामने शॉप नंबर 64बी में स्थित ओम ज्वेलर्स दुर्ग अपने ग्राहकों के हितों के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। जहां आपको मिलता है भारत सरकार द्वारा huid पास टोटल हॉलमार्क के गहनों का विशाल रेंज उपलब्ध है। जिसमें नये व पुराने ग्राहकों को 100 प्रतिशत संतुष्टी निश्चित होकर गहने खरीद सकते हैं। साथ ही गहनों मे टूट फुट की 2 साल की रिपेरिंग फ्री की सुविधा उपलब्ध है। मनपसंद कलात्मक ज़ेवर, ग्राहकों के रुपयों के अनुरूप कम कीमत से ज्यादा क़ीमत पर एक से एक नई नई डिजाइन उपलब्ध रहता है, दिवाली व शादी विवाह के सीजन को देखते हुए लाइट वेट से अधिकतम वेट की ज्वेलरी में सोने के नेकलेस, झुमका, बाली, एरिंग टॉप्स, रानी हार, चोकर.चांदी में पायल कमरबंद, बाजूबंद बिछिया, ऑल सोने चांदी की एक से बढ़कर एक वैरायटियों का नई-नई डिजाइन का विशाल रेंज उपलब्ध है। वहीं दूल्हे दुल्हन के लिए खास टूर बैग, इम्पोर्टेन्ट वॉच, जितना सोना उतना चांदी फ्री ग्राहकों की तत्काल गिफ्ट दिया जाता है। क़ीमत भी सबसे कम चीप दर पर गहने प्रदान किया जा रहा है और भी विशेषताएं प्रदान की जाती है। जैसे अपने पुराने सोने को नये जैसे बनाए वो भी बिना नुकसान के बिना वजन कम हुए तत्काल, पुराने सोने चांदी की 100 प्रतिशत मूल्यों के साथ वापसी, पुराने सोने-चांदी का तत्काल रिपेरिंग, मंगलसूत्र गुथायी 0 चार्जेबल पर, किसी भी गोल्ड के गहने पर 100 प्रतिशत वापसी, हमारी संस्थान में किसी भी प्रकार के गहने, जेवरों का पेमेंट घर से करने की सुविधा उपलब्ध, सभी प्रकार की चेक स्वीकार किए जाते हैं, आल एटीएम, डेबिट, क्रेडिट कार्ड स्वीकार किये जाते हैं, भारत सरकार द्वारा प्रमाणित 916.(22c )833(20c)750(18c )टोटल हॉलमार्क की गहने की भरपूर रेंज उपलब्ध, हर दस हजार की खरीदी पर चांदी की मूर्ति फ्री, हमारी संस्थान ग्राहकों को अच्छी क्वालिटी व गुणवत्ता की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### चिंगरी में मां शीतला जुड़वास महोत्सव आज

**अंडा।** नव ज्योति बघधर्रा जस एवं फाग परिवार चिंगरी (अंडा) में मां शीतला जुड़वास महोत्सव 7 जुलाई को मनाया जाएगा। जिसमें सुबह 11बजे से कलश यात्रा, गीत संगीत के साथ,शाम 04:00 बजे से शीतला प्रांगण में प्रसाद वितरण और शाम 5बजे से 08बजे सेवा भजन होगा। नव ज्योति बघधर्रा जस एवं फाग परिवार , गौरीनंदन जस एवं फाग झांकी मंडली,आदर्श नवयुवक फाग उत्सव समिति सहित ग्रामीण जन इस दौरान उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी चेतन यादव ने दी।

## प्रशिक्षण वर्ग में शामिल हुए सशिमं जामगांव के शिक्षक

# शिक्षकों ने अध्यापन का सरल-सुगम तरीका सीखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर



अध्यापन कला कौशल की बारीकियों को समझकर निपुण होने के लिए सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर के शिक्षकगण रविवार को सेक्टर 4 भिलाई स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित संस्कृत भारती छत्तीसगढ़ बाल केंद्र प्रशिक्षण वर्ग में शामिल हुए। शिक्षिका धनेश्वरी साहू ने बताया कि प्रशिक्षण में अभिनय के माध्यम से अध्यापन की सरल सुगम तरीका बताया गया जिससे बच्चों का मानसिक विकास करने में बड़ी आसानी होगी। प्रशिक्षण में 16 स्थानों के 28 पुरुष एवं 36 महिलाओं ने भाग लिया। प्रशिक्षक के रूप में विजयवाड़ा से उपदृष्टा वेंकटरामन की शैली बड़ी रोचक रही। जामगांव आर के संस्कृतचार्य नरेंद्र साहू के मार्गदर्शन में जामगांव आर बेलहारी नवागांव बटरेल के संस्कृत प्रेमियों ने लाभ उठाया। अंग्रेजी माध्यम के अनेकों बच्चो ने संस्कृत संभाषण में भरपूर रुचि लेकर साबित कर दिया कि अंग्रेजी आज की जरूरत है लेकिन संस्कृत तो अनादिकाल से संस्कृति और संस्कार के लिए जरूरी है। समापन समारोह में हेमचंद विश्वविद्यालय के कुल सचिव भूपेंद्र कुलदीप, प्राध्यापक डॉ अनिलकुमार कश्यप इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के डॉ सत्येंद्र सेंगर के मार्गदर्शन का लाभ भी प्रशिक्षकों ने लिया। प्रशिक्षण से लौट कर प्राचार्य पीएल बारले ने बताया कि विद्यालय प्रबंधन ने अध्यापकों को प्रशिक्षण वर्ग में भेजकर बच्चो को लाभान्वित करने की योजना बनाईजिसके तहत विद्यालय के आचार्य लिकेश्वर साहू, परमानन्द, धनेश्वरी साहू, दिव्या चंद्राकर, प्रीति साहू, कल्पना साहू, शशि यादव, झरना साहू और स्वयं प्राचार्य पीएल बारले एक दिवसीय प्रशिक्षण में भाग लिया।

# बीसीसीआई के मापदंड में स्टेडियम खरा, एग्रीमेंट के बाद शुरू होगा काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

अंतराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम को लेकर बीसीसीआई के प्रतिनिधि मंडल ने विभिन्न मापदंड में रविशंकर स्टेडियम को खरा पाया है। प्रतिनिधि मंडल ने निरिक्षण के बाद जिला प्रशासन को जमीन हस्तांतरण के लिए दस्तावेज तैयार करने के निर्देश भी दिए है। जमीन हस्तांतरण की प्रक्रिया के तहत जल्द ही राज्य शासन और बीसीसीआई के बीच एग्रीमेंट होगा, जिसके बाद आगामी 33 साल के लिए स्टेडियम को बीसीसीआई अपने निगरानी पर चलाएंगी।

स्टेडियम का भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के मापदंडो के अनुसार कायाकल्प करने प्रारंभिक तैयारी के रूप में निरिक्षण किया गया। छत्तीसगढ़ क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड का प्रतिनिधि मंडल रविवार को दुर्ग पहुँचे और स्टेडियम में निर्माण संबंधित सभी तकनीकी पहलुओं का मौका मुआयना किया।

बीसीसीआई से प्रक्रिया आगे बढ़ाने हेतु मिले निर्देश के बाद रविवार को विधायक गजेन्द्र यादव, कलेक्टर अभिजीत सिंह सहित संबंधित विभाग के अधिकारियों ने छत्तीसगढ़ क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के प्रतिनिधि सीसीपीएल के डायरेक्टर विजय शाह, सीएससीए उपाध्यक्ष प्रमोद शंकर शर्मा, पूर्व सह सचिव विनय बजाज, संचालन समिति के सदस्य योगेश बागड़ी, क्रिकेट ऑपरेशन के एजीएम सचिन टांक, बोर्ड मेंबर अजय तिवारी, टेक्निशियन प्रभात सक्सेना, दुर्ग जिला क्रिकेट एसोसिएशन अध्यक्ष विजय अग्रवाल और तकनीकी टीम के साथ मापदंड के मुताबिक स्टेडियम निर्माण हेतु सभी पहलुओं का मौका मुआयना किया गया। जिसमें अंतर्राष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट आयोजन हेतु पार्किंग और पर्याप्त स्थल पर संतोष जताते हुए जमीन हस्तान्तरण करने और अनुबंध प्रक्रिया में तेजी लाने निर्देश दिए गए है।

### मानस भवन टूटेगा, तांदुला परिसर में पार्किंग

विधायक ने बताया कि, वर्तमान में स्टेडियम दस एकड में फैला है, अंतराष्ट्रीय स्टेडियम के लिए 19 एकड की और जरूरत होगी। इसके दायरे में आ रहे मानस भवन टूटेगा, वही पार्किंग के लिए तांदुला कार्यालय परिसर का उपयोग किया जाएगा। शहर के राजेंद्र प्रसाद चौक से लेकर एसपी बंगला चौक तक के क्षेत्र को चारो ओर से खेलगांव की तरह विकसित करने प्रशासनिक अधिकारियो के साथ प्रस्तावित स्थल का मौका मुआयना किया गया है, ताकि बीसीसीआई के मापदंड के अनुरूप जमीन को हस्तान्तरित किया जा सके। वर्तमान में स्टेडियम की दर्शक क्षमता 40 हजार है। जिसकी क्षमता और बढ़ाई जाएगी। स्टेडियम परिसर से लगे हुए एरिया में बास्केटबॉल, बैडमिंटन, रनिंग पाथवे बनाए जाएंगे। बीसीसीआई कार्यालय, प्रवेश द्वार, एप्रोच रोड, हॉस्टल, प्रैक्टिस एरिया, मैच के पार्किंग सहित निर्माण होने वाले सभी पहलुओ का स्थल निरीक्षण किया गया। मौका मुआयना करने के दौरान दुर्ग जिला क्रिकेट एसोसिएशन के संजू श्रीवास्तव, सुरेश साहू सहित जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

### पं रविशंकर स्टेडियम का चार सदस्यीय टीम ने किया निरीक्षण



### पेपर वर्क जल्द तैयार करने कहा

ड्राइंग के मुताबिक स्टेडियम के चारों ओर खेल एरिया, पार्किंग, इंडोर और आउटडोर निर्माण हेतु स्थल का निरीक्षण कर पेपर वर्क को शीघ्र तैयार करने कहा गया है। जिससे लीज प्रक्रिया पूर्ण कर जल्द निर्माण प्रारंभ किया जा सके। बीसीसीआई द्वारा स्टेडियम को विकसित किये जाने से दुर्ग शहर को नई पहचान मिलेगी और दुर्ग का नाम देश उमदा शहरों में गिना जायेगा।

### विधायक की पहल पर बीसीसीआई ने भेजा प्रस्ताव

दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव के प्रयास से बीसीसीआई ने छत्तीसगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के जरिए जिला प्रशासन को इस संबंध में प्रस्ताव भेजा था। जिस पर जिला क्रीड़ांगन समिति की बैठक में दुर्ग के पंडित रविशंकर स्टेडियम को 33 साल की लीज पर बीसीसीआई को देने प्रस्ताव पारित किया गया। दुर्ग में अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्टेडियम बनने से दुर्ग नई ऊंचाई मिलेगी। खिलाड़ियों को लाभ मिलने के साथ यहां का व्यापार बढ़ेगा और स्थानीय नागरिकों को रोजगार मिलेगा। दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव ने बताया कि, दुर्ग में खेल अकादमी बनने के साथ ही अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच भी होंगे। क्रिकेट संचालन समिति के सदस्य योगेश बागडी ने बताया कि, बीसीसीआई के मापदंड में 175 मीटर का दायरा जरूरी है। वर्तमान में स्थिति वैसी ही है। इसलिए सभी मापदंड में स्टेडियम सही पाया गया।

## खबर संक्षेप



### रूद्र सेना ने सौंपा सांसद विजय को ज्ञापन

**भिलाई।** जनसंख्या नियंत्रण कानून को जल्दी बनवाने के समर्थन में रुद्र सेना द्वारा सांसद एवं रूद्र सेना के संरक्षक विजय बघेल को ज्ञापन सौंपा। सासंद ने ज्ञापन को प्रधानमंत्री तक पहुंचाने की बात कही। उन्होंने बताया कि यह देश के लिए सबसे जरूरी है। हमारे सदस्यों के लिए भी यह बात लागू होती है कि वह यह अभियान राष्ट्रीय हित का अभियान एवं अपने घर का अभियान मानकर आगे बढ़े अन्यथा आने वाली पीढ़ी इसके दुष्परिणाम भुगतने के लिए बाध्य हो जाएगी। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से भाजपा नेता एवं गैर राजनीतिक संगठन रूद्र सेना प्रमुख अरुण बेरी, जीपी तिवारी, ज्ञानेंद्र पांडे, नवीन जैन, प्रमोद सोनी, वीके सिंह उपस्थित थे।

### मकान नहीं बनाया 80 लोगों को नोटिस

**भिलाई।** मोर जमीन-मोर मकान घटक अंतर्गत राशि आबंटन किया गया है। किन्तु हितग्राहियों द्वारा किश्त की राशि प्राप्त होने के बाद भी मकान निर्माण की प्रक्रिया प्रांरभ नहीं की जा रही है। मात्र 19 हितग्राहियों द्वारा वर्तमान में आवास का निर्माण कर लिया गया है। शेष 80 हितग्राहियों द्वारा अभी तक मकान निर्माण की प्राक्रिया प्रारंभ नहीं किए है उन्हे नोटिस दिया जा रहा है।

### तीन सरकारी एजेंसियों का अरबों का है बजट

# नीट एंड क्लीन टाउनशिप में बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रही है जनता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

टाउनशिप में तीन,तीन सरकारी एजेंसियों की मौजूदगी के बाद भी लाखों लोगों को विकास के लिए तरसना पड़ रहा है। अरबों का बजट होने के बाद भी भिलाई इस्पात संयंत्र, नगर निगम भिलाई और रिसाली निगम बुनियादी सुविधाएं दुरुस्त नहीं करवा पा रहे हैं। बारिश के मौसम ने हालत दुबले पर दो आषाढ़ की तरह कर दी है।

- नाकाफी साबित हो रहे बीएसपी व भिलाई, रिसाली नगर निगम

उल्लेखनीय है कि कुछ साल पूर्व तक सर्वसुविधायुक्त माने जाने वाली नीट एंड क्लीन टाउनशिप में नागरिक सहूलियतें बदहाल हो रही हैं। जबकि यहां विकास और मेंटेनेंस के लिए बीएसपी के अलावा नगर निगम भिलाई और नगर निगम रिसाली यानी तीन एजेंसियां हैं। इनका बजट भी अरबों रुपए का है। सभी सेक्टरों में सफाई,आवास, पेयजल, क्रास स्ट्रीट, बिजली गुल होने आदि समस्याएं व्याप्त हैं। इनके चलते रहवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों के मुताबिक पिछले पांच सात साल से लोकेशन के साथ नागरिक सुविधाओं के मामले में भी टाउनशिप की चर्चा होती थी। लेकिन बुनियादी सुविधाएं चरमराने की स्थिति में हैं। सबसे बड़ी आवासीय समस्या है। पचास साठ साल पूर्व बने बीएसपी कर्मियों के मकान जर्जर हो चुके हैं। आवासों की दीवारें, स्लैब और छज्जों के प्लास्टर टूटकर गिरते रहते हैं। बारिश में सीपेज की समस्या भी बनी हुई है। वायरिंग व स्विच बोर्ड टूटे व टायलेट बाथरुम जाम होने की शिकायतें बढ़ रही हैं। आवासीय परेशानी के अलावा पूरे टाउनशिप की सफाई व्यवस्था चरममरा गई है। सेक्टर 6,7 सेक्टर 4,8 और सेक्टर 10 आदि सभी सेक्टरों में सड़कों और आवासीय ब्लाकों के आसपास कचरे के ठेर लगे हैं। डस्टवीन ओवरफ्लो होने से गंदगी व बदबू का फैल रही है। रहवासियों ने बताया कि सफाई कर्मी दो तीन दिन के अंतराल मे आते हैं और आधा अधूरा कचरा उठाकर चले जा रहे हैं। आए दिन बिजली गुल हो रही है। सेक्टर 1, सेक्टर 3 सहित सभी सेक्टरों में एक दो दो घंटे बिजली गुल रहती और आती जाती रहती हैं।

### सफाई व्यवस्था चरमराई, बिजली की आंखमिचौली



### आवारा मवेशी और कटखने डाग

टाउनशिप में एक बड़ी समस्या आवारा मवेशियों की बढ़ चली है। इससे लोगों को दोतरफा परेशानी हो रही है। सेंट्रल एवेन्यू, गैराज रोड आदि मुख्य सड़कों के साथ टाउनशिप के आवासीय ब्लाकों के परिसर में हजारों गाय, सांड और बछड़े आदि विचरते हुए गोबर कर गंदगी फैला रहे हैं। इनसे अस्वच्छता के साथ दुर्घटनाओं में वृद्धि भी हो रही है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि बीएसपी द्वारा आवारा मवेशी पकड़ो अभियान रस्मअदायगी में सिमट कर रह गया है। मवेशियों के अलावा आवार कुत्तों की भी समस्या बढ़ रही है। सड़कों पर कुत्ते समूहों में लोगों को दौड़ाते हैं और इनके काटने की भी घटनाएं बढ़ रही हैं।

### पेयजल किल्लत व जर्जर स्ट्रीट

टाउनशिप में अधिकतर मुख्य सड़कें तो चकाचक हैं। कई सड़कों का डामरीकरण व चौकों को सौंदर्यीकरण हुआ है लेकिन सभी सेक्टरों की क्रास स्ट्रीटें सालों से जर्जर हैं। इससे लोगों को आवाजाही में दिक्कतें हो रही हैं। क्षेत्रवासियों ने बताया कि सेक्टर 6, 8 और सेक्टर 3 में बारिश में पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है और गड्ढों से गाड़ियों के कलपुर्जे खराब होने के साथ आए दिन टायर पंचर हो रहे हैं। इसके अलावा पेयजल किल्लत व नलों में शुरु में गंदा पानी आता है। नल दस पंद्रह मिनट पहले बंद हो रहे हैं।

### भिलाई-दुर्ग के सैकड़ों कार्यकर्ता पहुंचे

# रेलवे मजदूर कांग्रेस के अधिवेशन में पुरानी पेंशन बहाली पर हुई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

रेलवे मजदूर कांग्रेस का दो दिवसीय द्विवार्षिक अधिवेशन का आयोजन किया गया। जिसमें भिलाई-दुर्ग के रेलवे मजदूर कांग्रेस के कर्मी पहुंचे थे। अधिवेशन नागपुर में संपन्न हुआ। अधिवेशन में बिलासपुर, नागपुर, रायपुर मंडल के डेलीगेट, जनरल काउंसिल मेंबर, केंद्रीय पदाधिकारी पहुंचे थे। अधिवेशन के पहले दिन अधिवेशन में मुख्य अतिथि प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी आदित्य कुमार, विशिष्ट अतिथि मंडल रेलवे प्रबंधक नागपुर दीपक कुमार गुप्ता, सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ मुंबई अध्यक्ष प्रवीण वाजपेई, वेस्ट सेंट्रल रेलवे संघ के महामंत्री अशोक शर्मा शामिल हुए। अधिवेशन में ओल्ड पेंशन स्कीम की बहाली की जोरदार मांग की गई। एनपीएस के कारण कर्मियों की आर्थिक सुरक्षा प्रभावित हो रही है। पुरानी पेंशन योजना कर्मचारियों की सेवा के प्रति सुरक्षा का भाव पैदा करती थी। जबकि वर्तमान एनपीएस व्यवस्था में सेवानिवृत्ति के बाद पर्याप्त लाभ की कोई गारंटी नहीं है। सम्मेलन में रेल कर्मचारियों के हित में कई प्रस्ताव पारित किए गए। मुख्य रूप से ओल्ड पेंशन स्कीम बहाली, वर्तमान यूपीएस के प्रस्ताव को ना मंजूर करना, सेफ्टी से जुड़े रेलवे के रिक्त पदों की तत्काल भर्ती करने, प्रमुख धार्मिक पर्यटन स्थलों पर कर्मचारियों को वीआईपी रेस्ट हाउस बुक करने का अधिकार दिलाना। अनुकंपा नियुक्ति में मृत कर्मचारियों के आश्रितों को परीक्षा के बिना योग्यता के आधार पर ग्रुप सी में नियुक्त करने और निजीकरण पर रोक लगाने की मांग की गई है।

- रायपुर डिविजन उदय, नागेश्वर को मिली जिम्मेदारी
- रेलवे कर्मियों के हित में कई प्रस्ताव भी

### इन्हें मिली है जिम्मेदारी

मजदूर कांग्रेस रायपुर डिविजन मंडल समन्वयक डी विजय कुमार ने बताया कि वार्षिक अधिवेशन में 24 केंद्रीय पदाधिकारियों को भी चुना गया। राजेंद्र प्रसाद, बीडी प्रसाद,भीमराव बोदेलकर को दोबारा जिम्मेदारी सौंपी गई। जोनल अध्यक्ष डीके स्वाइन और महामंत्री पितांबर लक्ष्मी नारायण निर्वाचित हुए। इसमें रायपुर डिविजन से उदय यादव,नागेश्वर राव को एडिशनल ज्वाइंट जरनल सेक्रेटरी बनाया गया है। जोनल कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण राव, रविन्द्र कुमार धल, संयुक्त महामंत्री विजय अग्निहोत्री, बी. कृष्ण कुमार, डी विजय कुमार, इंदल दमाहे, अतिरिक्त संयुक्त महामंत्री राजेश खोबरागड़े, जीएस आइच, डीडी महेश, शुभम उपाध्याय, राजेश सोनकर, केंद्रीय कोषाध्यक्ष युवा साई किरण को जिम्मेदारी मिली है।

## परशुराम भवन में आमसभा, भूमिहार समाज के उत्थान का लिया संकल्प



**भिलाई।** भूमिहार ब्राह्मण समाज की आमसभा सेक्टर -2 परशुराम भवन में हुई। अध्यक्ष प्रवीण प्रकाश सिंह ने सामाजिक सदस्यों के उत्थान का आह्वान किया। महासचिव मधु सूदन शर्मा सामाजिक गतिविधियों व कोषाध्यक्ष कृष्णा नन्द राय ने सालाना आय व्यय का बजट रखा, जिसे सभा ने सर्वसम्मति से स्वीकृत किया l संचालन बलराम सिंह व धन्यवाद ज्ञापन कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश राय ने किया। सभा ने समाजिक सहयोग राशि को 3 लाख से 5 लाख, भवन के विस्तारीकरण पर 15 लाख की राशि स्वीकृति दी, फ्रीजर, अंतिम संस्कार, शादी व्याह के लिए भी राशि स्वीकृति दी। इस अवसर पर एएन सिंह, रामजी राय, चंद्रमा राय, संजय सिंह, अजय राय, नवीन राय, संजीव सिंह, सत्यप्रकाश राय, हरेंद्र राय, विपिन ठाकुर, बंटू शर्मा, अंजनी राय, सुनिल शुक्ला, शंभू नाथ राय, मनीष शर्मा एवं संरक्षक, आजीवन सदस्य उपस्थित थे।

# टाकीज से प्रेक्षागृह बना नेहरू हाउस मांग रहा मेंटनेंस, दो महीने से बंद, कहां हों नाट्य मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई के फौलादी रंगकर्म को राष्ट्रीय फलक देने में अहम भूमिका निभाने वाला नेहरु सांस्कृतिक सदन पिछले लंबे समय से मेंटेनेंस मांग रहा है। पचास साल पुराने इस प्रेक्षागृह के जर्जर होने से नाट्य संगठनों के साथ विभिन्न संस्थाओं व विविध आयोजनों के लिए भटकना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि पिछले 5 दशकों से सेक्टर एक स्थित नेहरु सांस्कृतिक भवन नाटकों के मंचन के साथ सांस्कृतिक व सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजनों का प्रमुख केंद्र है। खासकर ट्विनसिटी के रंगमंच को राष्ट्रीय पहचान दिलाने में इस प्रेक्षागृह की अहम भूमिका रही है। लेकिन पिछले आठ दस साल से इस भवन के जर्जर होने से नाट्य संगठनों को नाट्य मंचन में दिक्कत आ रही है। भवन का स्टेज ऊबड़खाबड़ होन से कलाकारों को मंचन में दिक्कतें होती हैं। 5 साल पूर्व रिवाल्विंग ढांचे को निकाल दिया गया है और ऊपर उठने वाले परदे को भी हटा गया है। कलाकारों ने बताया कि अंदर दीवारों पर प्लाइ व परदे भी हटा दिए जान से आवाज इको होते रहती है। कई कुर्सियां भी टूट चुकी हैं। वाशरुम व मेकअप रुम भी समस्याग्रस्त हैं। भवन के बाहर दीवारें व स्लैब तथा यहां आवंटित नाट्य संगठनों के कक्ष भी जर्जर हो चुके हैं। भवन को पिछले दो महीने से बंद बंद कर दिया गया है।

- जर्जर हुआ भवन, रिवाल्विंग स्टेज अव्यस्थित



### तीस साल पहले थी टाकीज

पिछले पचास साल के दौरान बीएसपी के छत्तीसगढ़ लोक कला महोस्तव सहित कई बड़े सांस्कृतिक आयोजनों का साक्षी रहा नेहरु हाउस तीन दशक पूर्व टाकीज हुआ करता था। यहां बीएसपी द्वारा कलामंदिर (चित्रमंदिर) की तरह कर्मचारियों के मनोरंजन के लिए हिंदी व अंग्रेजी फिल्मों का प्रदर्शन किया जाता था। 1992 में इस टाकीज को प्रेक्षागृह में तब्दील कर दिया गया। नेहरु सांस्कृतिक भवन में पूर्व पीएम राजीव गांधी व इस्पात मंत्री सहित प्रसिद्ध मोटिवेटर राजीव दीक्षित सहित कई हस्तियों की सभा हो चुकी है।

## बीमारी के लिए किया जागरूक

**भिलाई।** निगम ने मौसमी बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए जनजागरूकता अभियान शुरू किया है। डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों के रोकथाम के लिए लोगों से अपील की जा रही है कि वे बारिश के दिनों में अपने घरों के कंटेनर, गमले या खाली पात्र में पानी रूकने न दें। सफाई करते रहें। रोगों के बचाव, रोकथाम और नियंत्रण हेतु महापौर नीरज पाल और निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने नागरिकों से अपील की। मच्छर के व्यस्क अवस्था में पहुंचने से पहले ही प्रारंभिक जीवन काल में अर्थात लार्वा स्तर पर ही समाप्त कर देना चाहिए।कमच्छर लार्वा स्रोत नियंत्रण के तहत सभी नागरिक अपने घर में उपयोग कर रहे कूलर का पानी साफ कर व सूखाकर पालीथीन से ढककर रखें। अपने अपने घर में संग्रहित किए गए पानी पात्रों को ढंककर रखें।बाग -बगीचों में रखे गए कबाड़ व अनुपयोगी पात्रों को नष्ट करें अथवा हटा लें जिससे कहीं बरसाती पानी का जमाव ना हो।घर के आसपास के गड्ढों व नालियों के रूके पानी में जला आयल डाल दें। निगम आयुक्त के निर्देशों के परिपालन में निगम का विशेष दस्ता एवं जिला मलेरिया विभाग के सर्वेलेंस कार्यकर्ताओं की संयुक्त टीम का कार्य जारी है।

### इधर प्रबंधन भी उत्पादन बनाए रखने के लिए कटिबद्ध, 9 जुलाई को हड़ताल

# बीएसपी में देशव्यापी हड़ताल को लेकर यूनियनें कर्मियों को कर रहीं एकजुट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

केंद्र सरकार की 4 लेबर कोड सहित अन्य श्रमिक विरोधी नीतियों के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन के तहत भिलाई इस्पात संयंत्र में भी हड़ताल की तैयारी यूनियनों ने तेज कर दी है। एक ओर श्रमिक संगठन हड़ताल को सफल बनाने के लिए कर्मचारियों को लामबंद कर रहे हैं वहीं दूसरी ओर प्रबंधन ने हड़ताल को नाकाम करने कवायद शुरु कर दी है। हड़ताल को लेकर रविवार को इंटक कार्यालय में संयुक्त यूनियन की हुई कन्वेंशन में हड़ताल को सफल बनाने रणनीति पुख्ता की गई।

केंद्र सरकार की चार श्रम संहिताओं व निजीकरण सहित 21 सूत्रीय मांगों को लेकर केंद्रीय यूनियनों के आह्वान पर संयुक्त श्रमिक संगठन 9 जुलाई को भिलाई इस्पात संयंत्र सहित पूरे सेल में भी हड़ताल का आव्हान किया है। हड़ताल को लेकर यूनियनें और प्रबंधन आमने-सामने आ गए हैं। एक तरफ हड़ताल को पूरी तरह सफल बनाने के लिए संयुक्त यूनियन द्वारा प्रबंधन को नोटिस देकर प्लांट के अंदर व बाहर कर्मचारियों को जागरुक किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर प्रबंधन ने बीएसपी में शत प्रतिशत उपस्थिति बनाए रखने यानी उत्पादन व कामकाज सामान्य बनाए रखने की जोरआजमाईश तेज कर दी है। यूनियनों ने आज बैठक लेकर बोरिया गेट, मेन गेट और खुर्सीपार गेट पर पंफलेट बांटने के साथ प्लांट के अंदर वर्कर्स से मिलकर हड़ताल मे शामिल होने अपील की जा रही है। वहीं प्रबंधन ने बिना नोटिस का हवाला देते हुए हड़ताल में शामिल होने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए चेताया है। प्रबंधन सूत्रों के मुताबिक हड़ताल पर जाने वाले कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके आलाव प्रबंधन द्वारा उत्पादन को बनाए रखने के लिए नाइट शिफ्ट के कर्मियों को रात में प्लांट में हो रोककर रखने व उनके लिए खाने व नाश्ते की व्यवस्था की तैयारी की जा रही है। उल्लेखनीय है कि यूनियनों की रणनीति है कि पांच साल से लंबित सेल वेतन समझौता को पूर्ण कराने और सामने यूनियन चुनाव को देखते हुए हर स्थिति में हड़ताल को सफल बनाया जाए।



### पिछली बार की तरह हड़ताल को सफल बनाने की रणनीति

गौरतलब हो कि पिछले साल 28 अक्टूबर को हुई देशव्यापी हड़ताल की गई थी। यूनियनों ने बीएसपी में हड़ताल के सफल को सफल बताया था। यहां पचास से साठ प्रतिशत हड़ताल सफल होने का दावा किया गया था। वहीं इसके पूर्व बीएसपी में 30 जून 23 को हुई हड़ताल में शामिल कर्मियों के खिलाफ प्रबंधन ने अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए कुछ कर्मियों का तबादला कर दिया था।

### सम्मेलन में संयू का संकल्प

संयुक्त यूनियन के संयोजक व इंटक के महासचिव वीबी सिंह ने बताया कि हड़ताल को सफल बनाने इंटक कार्यालय में हुई कन्वेंशन में हड़ताल को सफल बनाने का संकल्प लिया गया। प्रबंधन आईआर को हड़ताल का नोटिस दिया जा चुका है। एटक जीएम वीके सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में सीटू के एसपी डे, एक्टू के बृजेंद्र तिवारी, एचएमएस के पीके मिश्रा, लोइमू के मोहंती, स्टील वर्कर्स यूनियन के एनके गुप्ता सहित 7 यूनियन के नेताओं ने कर्मियों से हड़ताल को लेकर जागरुक रहने की अपील की।




04
इन अभिनेत्रियों की स्टाइल में है कुछ खास, जो बना सकता है आपको बेहद स्टाइलिश

## लाइव इवेंट

### परीक्षा परिणामों का विश्लेषण कर प्रश्नपत्रों की समीक्षा



**भिलाई।** स्कूल या कॉलेज सभी विद्यार्थियों के जीवन में परीक्षा परिणाम का दिन सबसे अहम पल होता है। जिसके लिए वे साल भर मेहनत करते है, जिसके परिणाम स्वरुप वे अपने जीवन की सफलता के नए सोपान पार करते है। विद्यार्थियों के लिए वो पल भी अविस्मरणीय हो जाता है जब उनकी सफलता पर कालेज में उन्हें उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया जाता है। ऐसे ही फार्मेसी विद्यार्थियों के परीक्षाफल की समीक्षा की गई और प्रथम पांच सर्वाधिक अंक प्राप्त विद्यार्थियों को शैसे और प्रतीक चिंन्ह देकर पुरस्कृत किया गया। जिसे देख अन्य विद्यार्थी भी प्रोत्साहित हुए। स्थानीय श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में स्कूल ऑफ फार्मेसी में स्नातक प्रथम वर्ष बी फॉर्म के परीक्षाफल की समीक्षा की गई और प्रथम पांच प्रवीण्य क्रम के विधार्थियों को प्रोत्साहन पुरस्कार दिए गए। विभाग प्रमुख डॉ गुंजन जैसवानी ने जानकारी देते हुए बताया कि बी फॉर्म की परीक्षा का परिणाम 87 प्रतिशत रहा। विभाग के प्राध्यापकों ने परीक्षा परिणाम का विश्लेषण किया और सभी प्रश्नपत्रों की समीक्षा की गई। प्रथम पांच सर्वाधिक अंक प्राप्त विधार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

- नए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित कर परीक्षाफल समीक्षा और अवॉर्ड समारोह का आयोजन

#### कमियों का आंकलन कर योजना बनाकर करें पढ़ाई

प्रोत्साहन समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ ए के झा ने अपने संबोधन में कहा कि वर्ष भर की मेहनत का ही परिणाम है कि उत्कृष्ट परीक्षाफल आया है। उन्होंने कम अंक लाने वाले विद्यार्थियों को कहा कि वे अपनी कमियों का आंकलन करें और योजना बना कर पढ़ाई करें। इससे बेहतर परिणाम प्राप्त होंगे। विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ स्मिता सिलेट ने भी विधार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि परीक्षा परिणाम की समीक्षा आवश्यक है जिससे हम अपने अकादमिक स्तर को सुधार कर सकते हैं साथ ही अच्छे अंक मिलने पर प्रोत्साहन भी मिलता है। आज अकादमिक स्तर के उन्नयन के लिए बहुविषयक ज्ञान जरूरी है। कौशल विकास का महत्व बढ़ा है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के डायरेक्टर विकास डॉ सुशील चंद्र तिवारी, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ गोविंद शर्मा, डॉ स्वर्णाली दास पॉल, देवेंद्र साहू, आशीष पांडे सहित बड़ी संख्या में प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन डॉ आशीष पांडे ने किया।

## सिटी इवेंट

### 'अल मदद' ने लिया गरीब बच्चियों की तालीम का जिम्मा



**भिलाई।** मुस्लिम महिलाओं के गैर सरकारी संगठन अल मदद एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी ने गरीब बेटियों की उच्च शिक्षा का जिम्मा लिया है। अंजुमन हुसैनिया कमेटी की तरफ से सड़क-20, जोन-1, खुर्सीपार में जारी आयोजनों में औरतों के लिए महफिले मिलाद शरीफ रखी गई थी। इस दौरान 8 वीं, 10वीं और 12वीं में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण बेटियों के सम्मान के दौरान सोसाइटी के प्रतिनिधि विशेष रूप से आमंत्रित किए गए। प्रतिभावान बेटियों का सम्मान करते हुए सोसाइटी की अध्यक्ष अंजुम अली ने कहा कि इन बेटियों में किसी को भी आर्थिक वजह से उच्च शिक्षा में बाधा आएगी तो उनकी संस्था पढ़ाई का खर्च उठाएगी। उन्होंने अंजुमन हुसैनिया के सदर हुसैन अली अशरफी का आभार जताते हुए कहा कि उनकी संस्था खुर्सीपार जैसे क्षेत्र की जरूरतमंद बच्चियों की तालीम पर पूरा ध्यान देगी। इस दौरान सोसाइटी की ओर से सचिव कौसर खान, सहसचिव-कैसर इकबाल, लीना तजमीन, कोषाध्यक्ष शाहीन खान तथा संरक्षक आयशा आलम, शमशुन्निसा, कमर सुल्ताना, एसएम शेख, आलिमा गुल निशा, और रख्शंदा अंजुम सहित तमाम लोग मौजूद थे।

### भोलेनाथ राजराजेश्वरी मंदिर पावर हाउस में हो रहा हरे राम-हरे कृष्ण का जप

**भिलाई।** भोलेनाथ राजराजेश्वरी मंदिर पावर हाउस में भोलेनाथ मंदिर के दो दिवसीय स्थापना दिवस के अवसर पर अखण्ड जाप हरे राम- हरे कृष्ण महामंत्र का स्वरबद्ध संगीतमय वातावरण में किया गया। इस अवसर पर भिलाई की विभिन्न मंडलीयों ने हरमोनियम एवं ढोलक की थाप पर मंत्र जाप किया। मां राजराजेश्वरी भोलेनाथ मंदिर की वर्षगांठ पर दिनभर श्रध्दालुओं का तांता लगा रहा। भिलाई के हृदय स्थल पर स्थित मंदिर में सालभर धार्मिक कीर्तन करने के लिए बड़ी संख्या में विभिन्न स्थानों से भक्तों का का जत्था आता है। कीर्तन में नगर के प्रतिनिधि अपनी उपस्थिति बाबा भोलेनाथ के सामने लगाते हैं। इस अवसर पर अष्ट जाप और भंडारा आयोजित किया गया। आयोजन के दौरान भोलेनाथ राजराजेश्वरी मंदिर समिति के गोपाल टावरी, प्रभुनाथ मिश्रा, सुरेन्द्र पाण्डेय, सुनील मिश्रा, मदन सिंह, प्रेम तिवारी, कमलेश सहानी, आचार्य द्विवेदी सहित समिति के सदस्य मौजूद रहे।



● देवशयनी एकादशी पर रविवार को मंदिरों और देवालयों में विधि-विधान से पूजा अर्चना

# भगवान विष्णु अगले चार माह की योगनिद्रा में, इस बीच भोलेनाथ लगाएंगे बेड़ापार, 11 से सावन शुरू

देवशयनी एकादशी रविवार को मनाई गई। इसी के साथ चार महीने के लिए विवाह आदि मंगल कार्य थम गए। भगवान श्री हरि 117 दिनों के लिए योगनिद्रा पर चले गए। अब सृष्टि का कार्यभार भगवान शिव संभालेंगे। यानी भक्तों का बेड़ापार अब भोलेबाबा लगाएंगे। रविवार को देवशयनी एकादशी पर मंदिरों में पूरे दिन कार्यक्रम हुए। बालाजी मंदिर, गणेश मंदिर सेक्टर 5, लक्ष्मी नारायण मंदिर, राम मंदिर सहित अन्य मंदिरों में अलग-अलग कार्यक्रम हुए। विधि-विधान से पूजा अर्चना और अनुष्ठान संपन्न कराए गए। एकादशी पर विशेष अभिषेक-पूजन हुआ, महाआरती की गई। साथ ही भगवान को फल-मिठाइयों का महाभोग चढ़ाया गया। अब आगामी चार महीने तक मंदिरों में हरिनाम का संकीर्तन होगा।

**भिलाई।** रविवार की सुबह ब्रह्ममुहूर्त में मंदिरों में विशेष अभिषेक-पूजन, महाभिषेक हुआ। साथ ही भगवान को नए वस्त्र पहनाए गए। भिलाई में हनुमान मंदिर सेक्टर-9, बालाजी मंदिर, शिव मंदिर पावर हाउस में विशेष आरती का आयोजन किया गया। चातुर्मास के लिए ट्विनसिटी में साधु-साध्वियों का आना शुरू हो गया है। शहर के विभिन्न जैन मंदिरों समेत अन्य पवित्र स्थानों पर इस दौरान उनका निवास होगा। 11 जुलाई से सावन शुरू हो रहा है। इसके साथ ही अक्टूबर तक तीज-त्योहार और उत्सवों का दौर चलता रहेगा। इस बार देवशयन काल 117 दिनों का होगा। 6 जुलाई को देव सो जाएंगे जो सीधे 1 नवंबर को जागेंगे। इस बार तीज-त्योहार, उत्सव पिछले साल से 15 दिन जल्दी आएंगे। सावन 11 जुलाई से शुरू होगा, जो 8 अगस्त तक रहेगा। इस दौरान शादी-ब्याह जैसे मांगलिक कार्यों पर पूर्णतः विराम लगा रहेगा।



#### आने वाले चार महीने मनाए जाएंगे तीज-त्योहार

जुलाई से आने वाले चार महीने में 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा, 11 जुलाई से सावन शुरू, 24 जुलाई को हरियाली आमावस्या, हरेली, 29 को नागपंचमी, 31 जुलाई को गोस्वामी तुलसी दास जयंती मनाई जाएगी। इसी तरह 9 अगस्त को रक्षाबंधन, 12 अगस्त को बहुला चौथ, 14 अगस्त को कमरछठ, 16 को जन्माष्टमी, 23 को पोला, 26 को हरितालिका तीज और 27 को गणेश चतुर्थी का व्रत पड़ेगा। इसके बाद 3 सितंबर को डोल ग्यारस, 6 सितंबर को अनंत चतुर्दशी, 8 सितंबर से पितृ पक्ष शुरू होगा। 21 सितंबर को पितृ मोक्ष अमावस्या और 22 सितंबर से नवरात्रि शुरू होगी। 30 सितंबर को दुर्गाष्टमी का व्रत होगा। 2 अक्टूबर को दशहरा, 6 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा, 10 अक्टूबर को करवा चौथ, 18 अक्टूबर को धनतेरस, 19 अक्टूबर को नरक चौदस और 20 अक्टूबर को दीपावली मनाएंगे। 22 अक्टूबर वाले गोवर्धन पूजा, 23 को भैया दूज, 27 अक्टूबर को छठ पूजा, 30 अक्टूबर को आंवला नवमी म जाएगी। 1 नवंबर को देवउठनी एकादशी, 5 नवंबर को गुरुनानक देव जयंती मनाई जाएगी।

#### श्री हरि चिर निद्रा में, लेकिन मनाएं जाएंगे व्रत- त्यौहार

श्री हरि भगवान विष्णु सृष्टि का संचालन भार भगवान भोलेनाथ को सौंप कर 117 दिन के लिए योग निद्रा में जाकर विश्राम करेंगे। 1 नवंबर देवउठनी एकादशी तक सृष्टि संचालन का कार्यभार भगवान शिव ही संभालेंगे। इस दौरान कोई मांगलिक कार्य नहीं होंगे। हालांकि व्रत- त्यौहार जरूर मनाए जाएंगे। इस संबंध में आचार्य संदीप तिवारी ने बताया कि देवशयनी एकादशी से ही चातुर्मास शुरू होता है। देव शयनी एकादशी के दिन को लेकर कहा जाता है कि भगवान विष्णु 4 महीने की योग निद्रा में चले जाते हैं। इन चार महीनों में सृष्टि की भाग दौड़ भगवान शिव के हाथ में होती है और चूंकि भगवान शिव इस प्रकृति के बीज भी हैं। ऐसे में प्रकृति भी चार माह में अपने यौवन पर होती है। इसलिए देवशयनी एकादशी से प्रकृति के सारे नियंत्रण भगवान शिव के हाथ में होते हैं। देवशयनी एकादशी हिंदू परंपरा में एक श्रेष्ठ पर्व है। हालांकि इन चार महीने में किसी भी तरह के मांगलिक कार्य नहीं होते। जैन धर्मावलंबी भी इस चातुर्मास को मानते हैं और इन चार महीने में उनके मुनि एक स्थान पर रुक कर आध्यात्म के मार्ग को प्रबल करते हैं।

#### नवबंर और दिसंबर में शादियों के मुहूर्त ज्यादा

पंडितों और ज्योतिषाचार्यों के अनुसार अब अगस्त, सितंबर और अक्टूबर में विवाह का कोई शुभ दिन नहीं है। इसके बाद 1 नवंबर को देव उठनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु चिर निद्रा से जागेंगे, जिसके बाद शुभ कार्यो के लिए 20 दिन और इंतजार करना पड़ेगा। इस साल कम मुहूर्त के कारण शादी के शुभ मुहूर्त वाले दिनों में जरूरी इंतजाम करने के लिए भी वर-वधु पक्ष को मशक्कत करनी पड़ सकती है।

#### शुभ कार्य 22 नवंबर से होंगे शुरू



राम भद्र सेवा मंडल के पंडित संदीप तिवारी ने बताया कि प्रबोधिनी एकादशी यानी देवउठनी एकादशी नवंबर को है, लेकिन इसके 20 दिन बाद शादी-ब्याह के लग्न शुरू होंगे। नवंबर में 22, 23, 24, 25, 27, 29 और 30 को मुहूर्त है। दिसंबर में 4, 5 और 6 को लग्न है। इसके बाद 13 दिसंबर को शुक्र अस्त हो जाएगा। दो दिन बाद यानी धनार्क शुरू हो जाएगा। फिर 21 जनवरी को शुक्र अस्त हो जाएगा। इसके बाद 5 फरवरी से नए मुहूर्त शुरू होंगे। फरवरी में 5, 10, 20 और 21 को, मार्च में 9, 10, 11 और 12 को है। इसके 14 मार्च से मीनार्क लग जाएगा। इसके बाद शादी-ब्याह के नए मुहूर्त नए रहेंगे।

# हेड बॉय अनुराज और हेड गर्ल बनी सिद्धि नए नेतृत्व और उम्मीदों के साथ ली शपथ

**भिलाई।** शारदा विद्यालय रिसाली में नए सत्र के लिए हेड बॉय, हेड गर्ल सहित कई क्लब के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। इस दौरान विद्यालय के हेड बॉय अनुराज पिल्लई तथा हेड गर्ल सिद्धि को बनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत चेयरमैन स्कूल मैनेजिंग कमेटी विपिन ओझा द्वारा मां सरस्वती के तैल्य चित्र के सामने दीप प्रज्वलित करते हुए माँ की आराधना की गई। उन्होंने अपने उद्बोधन में कर्तव्यों को गंभीरता से निभाने की बातें कही। इसी कड़ी में शकुन्तला ग्रुप स्कूल्स डायरेक्टर संजय ओझा ने नव निर्वाचित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि शपथ ग्रहण समारोह का उद्देश्य बच्चों में नेतृत्व क्षमता का विकास, विद्यालय प्रबंधन को दुरूस्त, स्वच्छता, आपस में सांमजस्य स्थापित करते हुए समूह में कार्य करने का अवसर प्रदान करना है। शपथ ग्रहण की श्रृंखला ग्रीन एम्बेस्डर के चयन से शुरू हुई। जिसमें क्लास कैप्टन, वाइस कैप्टन, हाउस कैप्टन, स्पोर्ट कैप्टन का भी चयन किया गया। चयन के अंतिम कड़ी के रूप में विद्यालय के हेड बॉय अनुराज पिल्लई तथा हेड गर्ल सिद्धि को चयनित किया गया। सभी निर्वाचित पदाधिकारियों ने निडरता, कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी और दूसरों के लिए आदर्श बनने की शपथ ली तथा अपने पद की गरिमा को बनाए रखने का संकल्प लिया।



## नियमित रूप से करें योग



**भिलाई।** नियमित रूप से योग करने से विभिन्न प्रकार की बीमारियां दूर होती है। योग शरीर को स्वस्थ व निरोग रखता है। जिसे रोजाना किया जाना चाहिए। यह बातें योगाचार्य भृगुनाथ सिंह ने रविवार को दुर्गा मंच, आशीष नगर रिसाली में आयोजित योग शिविर को सम्बोधित करते हुए कही। शिविर में शांतनु सिह, डॉ सीमा साहू व आर के गुप्ता ने योग से होने वाले लाभ को बताया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से शंकर लाल सोनी, आर के गुप्ता, योग साधक विपिन सिंह , आर्यन शर्मा, अजित सिंह, अिनिल मिश्रा, डॉ सीमा साहू, हर्षा शर्मा, आरती पाण्डे, विजय सिंह, गायत्री सिंह, संध्या सिंह, नवनीत वर्मा, माया दत्ता, कल्पना अवधिया, धनंजय सिंह, निता गोरतवार सहित अन्य योग साधक महिला व पुरूष उपस्थित थे।

महाप्रभु भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा के संग तीन दिन रहेंगे रथ पर

# बारिश में भीग रहे महाप्रभु को श्रीमंदिर में नहीं मिला प्रवेश, स्वर्ण वेश में दिए दर्शन, 8 को नीलाद्री विजय

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** ट्विनसिटी के सेक्टर 6 व सेक्टर 4 के जगन्नाथ मंदिर में महाप्रभु अपनी मौसी के घर से गाजे-बाजे के साथ वापस शनिवार को श्रीमंदिर तो पहुंचे, लेकिन उन्हें भीतर प्रवेश नही मिल सका। पिछले दिनों मंदिर से महाप्रभु माता लक्ष्मी को बिना बताएं मौसी के घर चले गए थे। इसलिए वापस आने पर प्रभु जगन्नाथ, बहन सुभद्रा व बड़े भाई बलभद्र को माता लक्ष्मी के गुस्से का सामना करना पड़ रहा है।



गोधलीबेला में रिमझिम बारिश के माहौल में बाहुड़ा यात्रा के दौरान हजारों श्रद्धालु उस समय भावविभोर हो गए। से.6 चौक पर दोनों ओर से आ रही रथयात्राओं का भक्तिमय संगम हुआ।

#### तीन दिनों तक रथ में ही रहेंगे महाप्रभु

इस कारण वे तीनों अब तीन दिनों तक रथ में ही रहेंगे। इस दौरान रथ पर ही पुजारियों द्वारा पूजन आदि संपन्न कराये जा रहे है। वर्तमान में महाप्रभु जगन्नाथ स्वामी 8 जुलाई 6 बजे शाम तक रथ पर रहेंगे। 8 जुलाई को शाम 7 बजे महाप्रभु जगन्नाथ स्वामी मंदिर प्रवेश करेंगे जिसे नीलाद्री विजय के रूप में मनाया जाएगा। जगन्नाथ स्वामी के 56वें रथयात्रा महोत्सव के दौरान रविवार को जगन्नाथ मंदिर, सेक्टर 4 में महाप्रभु जगन्नाथ भक्तों को स्वर्ण वेश में दर्शन दिए। इस दौरान से 4 समिति के अध्यक्ष वीरेन्द्र सतपथी, महासचिव सत्यवान नायक, त्रिनाथ साहू, भीम स्वांई, बी सी बिस्वाल, अनाम नाहक, डी त्रिनाथ, वृंदावन स्वांई, कैलाश पात्रो, प्रकाश दास, कालू बेहेरा, निरंजन महाराणा, रंजन महापात्र, बसंत प्रधान, प्रकाश स्वांई सहित अन्य सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान दिया।



#### फूलों से श्रृंगार कर आम, केला, पके कटहल का लगाया भोग

सेक्टर 6 जगन्नाथ मंदिर में सुबह रथ पर ही भगवान का स्नान कराकर स्वर्ण वेश में सोने से बने भगवान के हाथ, पैर, पंजा, मुकुट और सहस्त्र भगवान को धारण कराया गया। साथ ही सुगंधित फूलों की माला से श्रृंगार भी किया गया। सुबह गोपाल बल्लभ भोग में आम, केला, पके कटहल, सेव, सपुरी, अनानास सहित अन्य ऋतु फलों का भोग और दोपहर के भोजन में कोरा, बलभ, मालपुआ, खई, गजा, काकरा और मंडुआ का भोग लगाया गया। उसके बाद भक्तों में प्रसाद बांटा गया। इस दौरान दिलीप महंती, ललित पाणिग्रही, अरुण पंडा, गजेंद्र पंडा, रविंद्र साहू, शरद विशाल, जितेंद्र भूइंया, सन्यास साहू ,संजय साहू सहित भक्तजन उपस्थित थे ।

## सिटी इवेंट

## संताजी संस्कृतिक मंडल के सदस्यों ने समाज के विकास पर की चर्चा



**भिलाई।** संताजी संस्कृतिक मंडल दुर्ग भिलाई एवं महाराष्ट्रीयन तेली समाज के पदाधिकारियों ने विधायक रिकेश सेन से मुलाकात कर समाज के उत्थान और विकास के लिए चर्चा की। इस अवसर पर अध्यक्ष राजेंद्र डोरले ने सामाजिक गतिविधियों की जानकारी दी तथा सामाजिक भवन के निर्माण के लिए सहयोग की मांग की। विधायक रिकेश सेन ने सामाजिक सहयोग करने की बात कही। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह अपने समाज के लिए समय निकाले। वर्तमान समय में सामाजिक एकता की बहुत अधिक आवश्यकता है। सामाजिक भवन का निर्माण करते हुए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को उस भवन से जोड़ना चाहिए। कोई भी भवन सामाजिक भावना के बिना अधूरा ही होता है। डॉ अजय आर्य मालेवार ने विधायक रिकेश सेन और सभी पदाधिकारियों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि जैसे हम सब अपने कार्यों को प्राथमिकता देते हैं ऐसे ही हमारी प्राथमिकताओं में सामाजिक कार्य, सामाजिक मेल मिलाप और जिम्मेदारी भी होनी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान निशा मलेवार अध्यक्ष महिला समाज, शुभदा कामडे, सुलभा लांजेवार, रेखा डोरले, आर के डोरले, आषिश चिंधालोरे, जीतू भोंगाडे, लांजेवार, सुनिल कामडे, विनोज मलेवार, अजय आर्य आगाशे सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



'या हुसैन' की गूंजी सदा, याद किए कर्बला के शहीद

# यौमे आशूरा पर शहर में निकले ताजिए जुलूस में उमड़े अकीदतमंद, की दुआएं

**भिलाई।** कर्बला के शहीदों की याद में यौमे आशूरा पर शहर में ताजिए, लंगर, सवारी और अखाड़ों के साथ जुलूस निकला। शहर के अलग-अलग हिस्सों से जुलूस पावर हाउस, सेक्टर-5 और सुपेला चौक पर इकट्ठा हुआ। इसके बाद देर रात जुलूस कर्बला मैदान जीई रोड पहुंचा, जहां फातिहा ख्वानी के बाद लोग सुबह तक घर लौटे। मुहर्रम के 10 वें दिन यौमे आशूरा पर शहर की सभी मस्जिदों में दोपहर के वक्त नमाजे जुहर के बाद मिल कर दुआए आशूरा पढ़ी गई। वहीं मस्जिदों, इमामबाड़ों और ताजिया निकलने के रास्ते में जगह-जगह लंगर और सबील का इंतजाम किया गया था। जिसमें देर रात तक लोगों ने अपनी भागीदारी दी। इस दौरान कर्बला के शहीदों के सरदार इमाम हुसैन की याद में 'या हुसैन' की सदा से आसमान गूंजता रहा। अखाड़े में नौजवानों ने कई हैरतअंगेज करतब दिखाए।





### सम्मानित किए गए डॉक्टर, पत्रकार और समाजसेवी

अंजुमन हुसैनिया खुर्सीपार की ओर से जारी प्रोग्राम के सिलसिले में 8वें मुहर्रम पर किछौछा शरीफ (यूपी) से अल्लामा मौलाना सैयद आलमगीर अशरफ अशरफी उल जिलानी की तकरीर हुई। मौलाना अशरफी ने इस दौरान समाजसेवा के उल्लेखनीय योगदान देने वाले प्रमुख लोगों का सम्मान किया। इनमें चिकित्सा सेवा क्षेत्र से डॉ. शादाब सिद्दीकी, डॉ आफताब रजा और डॉ. अमीन बेग, फारुक खान, मो फैजान खान, शाहिद अहमद, हजरत बिलाल मस्जिद हुडको के सदर शाहिद अहमद रज्जन और सैयद अशफाक अली को सम्मानित किया गया।



### सुपेला चौक से देर रात पहुंचे कर्बला मैदान



दोपहर शहर में ताजिया और अखाड़े का जुलूस अलग-अलग हिस्सों से निकला। जिसमें हाउसिंग बोर्ड, नंदिनी रोड, कैम्प-1, कैम्प-2, खुर्सीपार जोन-1,2,3, भिलाई-तीन चरोदा तक के ताजिए-अखाड़े पावर हाउस चौक पर इकट्ठा हुए। यहां से ओवर ब्रिज से इक्विपमेंट चौक सेक्टर-1 सेक्टर-5 पहुंचें। यहां से रेलवे अंडरब्रिज होते हुए सेक्टर-6 बी मार्केट, ए मार्केट होते हुए सेंट्रल एवेन्यू पहुंचें। इसके अलावा मरोदा, रिसाली, रूआबांधा के ताजिए आकर इस जुलूस में मिल गए। यहां सेक्टर-5 चौक से सभी ताजिए सेक्टर-6 जामा मस्जिद होते हुए रेलवे अंडर ब्रिज से सुपेला चौक और फिर वहां से देर रात कर्बला मैदान पहुंचे।

## सिटी लाइव

## बारीश में भीगते हुए सिंदूर उद्यान में किया पौधारोपण, लगाया ट्री गार्ड



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ कि कला एवं पर्यावरण के लिए कार्य करने वाली संस्था आर्टकॉम रविवार को सेक्टर 5 स्थित सिंदूर उद्यान पहुंची। जहां लगातार हो रही बारिश में भीगते हुए पौधरोपण कर उसकी देखरेख, क्यारियों के निर्माण और ट्री गार्ड लगाकर संरक्षण का संदेश दिया। आर्टकॉम के सदस्यों ने जानकारी देते हुये बताया इस वर्ष आर्टकॉम के अभियान हर आँगन एक पेड़ की शुरुआत पुलवामा में शहीद जवानों की याद में ऑपरेशन सिंदूर को समर्पित सिंदूर उद्यान बनाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया है। इस वर्ष संस्था का हमारा नारा हर आँगन एक पेड़ के साथ हर आँगन वाटर हार्वेस्टिंग के भी नारे लगाए जा रहे है। जिसमें जुड़ने के लिए लोग स्वस्फूर्त आगेआ रहे है। पिछले दिनों दुर्ग सांसद विजय बघेल द्वारा सिंदूर उद्यान का उद्घाटन कर सिंदूर के पौधे लगाकर देश के शहीदों और सैनिकों के शौर्य को समर्पित किया था। रविवार को संस्था के पदाधिकारियों ने नए सदस्यों का स्वागत कर अन्य सभी सदस्यों के साथ मिलकर पौधरोपण भी किया। इस अवसर पर संस्था के करमजीत सिंह, रमेश कुमार श्रीवास्तव, बंटी नाहर, मेघा कौर, काजल साहा, निशु पांडे, अमिताभ भट्टाचार्य, मोहन राव, भास्कर तिवारी, श्रीनिवास मिश्रा, विजय गुप्ता सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। सभी ने ज्यादा से ज्यादा संख्या में संस्था के साथ जुड़कर लोगों को पौधरोपण करने के लिए अपील की।

## सम्मान समारोह

## 12वीं नेशनल चैम्पियनशिप में 22 गतका खिलाड़ियों को किया सम्मानित



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ सिक्ख पंचायत द्वारा 12वीं नेशनल चैम्पियनशिप में छत्तीसगढ़ गतका टीम को 70 मैडल प्राप्त करने के लिए गतका खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। जिसमें भिलाई के 22 गतका खिलाड़ियों को मोमेंटो और सिरोपा द्वारा सम्मानित किया गया। नेशनल गतका एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित 12वीं नेशनल गतका चैम्पियनशिप में छत्तीसगढ़ गतका टीम ने 70 मैडल जीतकर पंजाब के बाद दूसरे रनर ओवरऑल ट्राफी पर कब्जा किया। छत्तीसगढ़ टीम की ओर से खेलने वाले भिलाई के 22 मैडलिस्ट गतका खिलाड़ियों को छत्तीसगढ़ सिक्ख पंचायत ने मोमेंटो और सिरोपाओ द्वारा सम्मानित किया गया। गतका स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह, महासचिव जसवन्त सिंघ खालसा, कोषाध्यक्ष मलकीत सिंघ, एसोसिएशन के टेक्निकल प्रमुख और नेशनल रैफरी अमन सिंघ, करन सिंघ, राजवीर सिंघ, गर्ल्स कोच रोहिणी धीमान, राजविंदर कौर डॉली का सिक्ख पंचायत की ओर से विशेष सम्मान किया गया और आगे भी गतके के लिए हरसंभव सहयोग की बात कही। इस अवसर पर चैयरमैन जसबीर सिंह चहल, पलविंदर सिंह रंधावा, बलदेव सिंह, गुरनाम सिंह, रंजीत सिंह, तजिंदर सिंह नानू, हरपाल सिंह, बलजिंदर सिंह कलेर, हरभजन सिंह चहल, गुरमीत सिंह गांधी, गुरमेज सिंह सोखी, बलविंदर सिंह, कुलवंत कौर, जसबीर सिंह सैनी, गतका एसोसिएशन के पदाधिकारी और सैकड़ों की संख्या में सिख संगत उपस्थित हुए। जसवन्त सिंह खालसा ने एसोसिएशन की ओर से छत्तीसगढ़ सिक्ख पंचायत और गुरुद्वारे प्रबंधक कमेटियों के पदाधिकारियों का गतके खेल में हमेशा सहयोग करने आभार व्यक्त किया।



## आयोजन

## चित्रकला प्रतियोगिता में दिखा इंद्रधनुषी रंग, कपकेक पाकर खिल उठे चेहरे



**भिलाई।** रोटरी क्लब ऑफ़ भिलाई पिनेकल ने रोटरी वर्ष 2025-26 की शुरुआत वॉश अभियान ( वाटर, सेनिटेशन व हाइजीन) और चित्रकला प्रतियोगिता के साथ की गई। जिसमें बच्चों ने खूबसूरत इंद्रधनुषी रंगों से अपनी कला का प्रदर्शन किया। यह आयोजन भिलाई इस्पात विकास विद्यालय सेक्टर-6 में आयोजित किया गया था। जिसमें बच्चों के बीच उत्साह और रचनात्मकता का शानदार समागम देखने को मिला। इस दौरान कुकिंग मास्टर टीना खंडेलवाल ने 180 बच्चों को कप केक भेंट किया। जिसे पाकर उनके चेहरों में खुशी दिखाई दी। कार्यक्रम की शुरुआत क्लब अध्यक्ष पूर्वा रोजिन्दार ने की। अदिति गुप्ता ने विद्यार्थियों को स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने करने के लिए प्रभावशाली सत्र लिया। इस दौरान बच्चों को साफ-सफाई, हैंड हाइजीन और दैनिक स्वच्छता आदतों की जानकारी रोचक ढंग से दी गई। इस अवसर पर क्लब द्वारा विद्यालय को एक वर्ष के लिए हैंडवॉश देने के लिए योगदान दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण चि त्र क ला प्रतियोगिता रही। जिसमें कक्षा 1 से 8 तक के छात्रों ने भाग लिया। विजेता बच्चों को प्रमाण पत्र और पुरस्कार दिए गए। इस मौके को खास बनाने के लिए टीना खंडेलवाल ने 180 बच्चों के लिए कप केक भेंट किया। जिसे देख बच्चों के चेहरों पर मुस्कान और उत्साह देखते ही बना। रचनात्मक और रोचक आयोजन में निकिता अग्रवाल, अश्मित बेदी, शालू गोयल, मुक्ता साहा सहित क्लब के 50 सदस्यों की उपस्थिति रही।



**रोटरी वर्ष 2025-26 का शानदार आग़ाज़**

## सिटी इवेंट

## वूमेंस साइकिलिंग लीग में महिलाओं युवतियों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन



**भिलाई।** साइकिलिंग एसोसिएशन ऑफ छग, साइकिलिंग एसोसिएशन ऑफ दुर्ग डिसट्रिक्ट और बीएसपी साइकिलिंग क्लब के तत्वावधान में वूमेंस साइकिलिंग लीग खेल से ही है पहचान का आयोजन प्रगति भवन ओए बिल्डिंग सिविक सेंटर भिलाई में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि साइकिलिंग एसोसिएशन ऑफ छग संरक्षक सांसद विजय बघेल, नरेन्द्र कुमार बंछोर, डोंगरगढ़ पूर्व विधायक विनोद खाण्डेकर, परविंदर सिंह, देव प्रकाश वर्मा, शशांक देशमुख, बीना मिश्रा, डॉ रमेश श्रीवास्तव सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित थे। इस दौरान सांसद विजय बघेल ने कहा कि मार्च से इस अभियान की शुरुआत की गई और भिलाई शिक्षा धानी के साथ में खेल धानी भी रही है। जो अपनी प्रतिभा से छत्तीसगढ़ में अपनी पहचान बना रही है। विनायक चन्नावार ने अपने उद्बोधन में कहा की अस्मिता का अर्थ होता है पहचान। खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रत्येक खेलों में महिलाओं और बालिकाओं की भागीदारी बढ़ी है और वे हर जगह अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहीं है।

महिला वर्ग में दुर्ग की खिलाड़ियों की बढ़त कायम

कार्नर न्यूज

# आखिरी 9 राउंड तक सस्पेंस कायम, उलटफेर से अंतिम राउंड में ही होगा विजेता का फैसला

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के तत्वावधान में खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन के सहयोग से जिला शतरंज संघ दुर्ग द्वारा जैन भवन में सेक्टर 6 भिलाई में आयोजित राज्य सीनियर एवं महिला फिडे रेटेड चेस चैंपियनशिप में रविवार को खिलाड़ियों ने जमकर दिमागी कसरत की। आठ राउंड के बाद टेबल एक पर रायपुर के प्रियांश साहू 7 अंक रेटिंग 1795 ने प्रथम स्थान पर, स्पर्श खंडेलवाल 6.5 अंक राजनंदगांव रेटिंग 1984 को सिसिलियन हुँगरियन वेरिएशन में शानदार खेल दिखाते हुए मात्र 30 चालों में पराजित कर बड़ा उलटफेर किया। जिससे प्रियांश साहू, आलोक कन्नौजे और यशद बाम्बेश्वर 7 अंको के साथ आगे रहे। वही महिला वर्ग में दुर्ग की खिलाड़ियों में हिमानी देवांगन और परिधि लिल्हारे ने शानदार जीत दर्ज कर 5.5 अंको के साथ बढ़त बनाये हुए है।



### स्पर्धा को फिडे द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मान्यता मिली

प्रदेश शतरंज संघ के सचिव हेमंत खूंटे एवं जिला शतरंज संघ दुर्ग के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत, प्रदेश शतरंज संघ के सह सचिव विकास शर्मा एवं सुबोध कुमार सिंह और प्रदेश शतरंज संघ के महासचिव विनोद राठी ने बताया कि इस महत्वपूर्ण स्पर्धा को फिडे द्वारा अंतराष्ट्रीय मान्यता प्रदान की गई है। रेटिंग स्पर्धा होने से इस प्रतियोगिता का महत्व और भी बढ़ गया है। इस आयोजन से छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों को अपने रेटिंग बढ़ाने के साथ साथ नए खिलाड़ियों को अपनी रेटिंग खोलने का भी अवसर प्राप्त होगा। दुर्ग के अभिनव सिंह राजपूत 13 वर्ष ने शानदार खेलते हुए 5.5 अंक बनाये। वही दुर्ग जिले के ही 10 वर्ष के बालक विराट अय्यर भी 5.5 अंको के साथ अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहे है।

### क्वीन पान ओपनिंग के खेल में 35 चालों में जीत दर्ज की

दूसरे बोर्ड पर शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी यशद बाम्बेश्वर अंतराष्ट्रीय रेटिंग 2044 भिलाई 7 अंक और प्रियांश शेखर रायगढ़ रेटिंग 1661 6 अंक पर क्वीन पान ओपनिंग के खेल में 35 चालो में जीत दर्ज की। टेबल 3 पर की बाजी गगन साहू 6.5 अंक और राहुल शर्मा दुर्ग रेटिंग 1726 की फ्रेंच एडवांस वेरिएशन की बाजी कड़े मुकाबले के बाद ड्रा पर ख़त्म हुई। इनके अलावा 6.5 अंको के साथ 6 खिलाड़ी तथा 6 अंको के साथ 11 खिलाड़ी अंतिम मुकाबले तक कड़ा प्रयास कर स्टेट की सीनियर टीम मे आने का प्रयास कर रहे है। महिला वर्ग मे प्रथम चार स्थानों के लिए संघर्ष जारी रहा और बाकि बचे अंतिम राउंड से ही विजेता के नाम और स्टेट की टीम का चयन हो पायेगा। दुर्ग के हिमानी देवांगन 1501 और परिधि लिल्हारे 5.5 अंको के साथ टॉप 2 पर है, वहीं प्रतिष्ठा अहिरवार, आराध्या तिवारी रायपुर, मड़के इसिका दुर्ग 1633), काश्वी जैन दुर्ग 1500, शुक्रति शर्मा, अद्विका पांडे, हितांशी, अंशिका मिंज के साथ 5 अंको को लेकर संघर्ष करते रहे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### ओपन नेशनल शूटिंग में अयान ने जीता गोल्ड



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के होनहार शूटर अयान ख्वाजा ने ऑल इंडिया ओपन नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप 2025 में 50 मीटर राइफल प्रोन इवेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए,गोल्ड मेडल जीतकर प्रदेश को गौरवान्वित किया है। अयान ने प्रतियोगिता में सर्वाधिक अंक अर्जित किए और राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का परचम लहराया। अयान ख्वाजा रायपुर के सड्डू स्थित अविनाश कैपिटल होम के निवासी हैं,उनके पिता अफ़रोज ख्वाजा अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संरक्षण आयोग से जुड़े हुए हैं। देहरादून में आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देशभर के सैकड़ों प्रतिभागियों के बीच अयान ने अपने अद्भुत निशानेबाज़ी कौशल से बाज़ी मारी। इस सफलता के पीछे भिलाई के प्रसिद्ध शूटिंग कोच नीरज निखिल साइमन का विशेष योगदान रहा।महज दो माह के सीमित प्रशिक्षण में उन्होंने अयान को प्रतियोगिता के लिए तैयार किया। यह लगातार तीसरी बार है,जब कोच नीरज निखिल साइमन के मार्गदर्शन में प्रशिक्षित खिलाड़ी ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाया है। अयान की यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार के लिए, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गर्व की बात है। यह सफलता राज्य में निशानेबाज़ी जैसे खेलों को नया प्रोत्साहन देगी और युवा प्रतिभाओं के लिए एक प्रेरणास्रोत बनेगी।

### भव्या और अभिषेक ने जीता एकल का खिताब



**भिलाई।** शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज प्रांगण में 3 से 5 जुलाई तक आयोजित सीनियर डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन चैंपियनशिप में भव्या सिंह ने अपनी चिर-परिचित प्रतिद्वंदी गौरी एस अय्यर को सीधे सेटों में परास्त किया। पुरुष एकल के संघर्ष पूर्ण मुकाबले में एम.वी.अभिषेक ने जसमीत सिंह को परास्त किया। पूर्व में अभिषेक, शाश्वत त्रिपाठी से एवं जसमीत आर्यन शर्मा से जीत कर फायनल पहुंचे। महिलाओं के सेमीफाइनल मुकाबले में भव्या सिंह ने सदीक्षा को एवं गौरी ने वेदिका ज्ञानी को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। पुरूषों का युगल खिताब विवेक साहू और जसमीत सिंह की जोड़ी ने विक्रांत शर्मा और एम वी अभिषेक की जोड़ी को सीधे सेटों में परास्त किया। साथ ही जिले के अंडर 13 आयु वर्ग के खिलाड़ियों में मैच खेलने का अनुभव लाने एकल प्रतियोगिता भी रखी गई। इसमें अथर्व अमितेष ने सभ्य कुमार ध्रुव को दो सेटों में एवं बालिकाओं के एकल में दर्शिता जैन ने अराध्या देवांगन को संघर्ष पूर्ण तीन सेटों में परास्त किया। उद्योगपति उमेश चितलांग्या के मुख्य आतिथ्य एवं अनिल शुक्ला, समन्वयक अधि/कर्म, फेडरेशन, चिरंजीव जैन, सचदेवा कोचिंग प्रमुख के विशेष आतिथ्य में प्रतियोगिता हुई। इस दौरान 12 एवं 13 जुलाई को जिले के अंडर-11 एवं 13 के बच्चों के लिए युगल की प्रतियोगिता कराने की घोषणा की गई। जिला बैडमिंटन संघ की सह सचिव प्रीती अग्रवाल ने आभार प्रदर्शन किया।

### राष्ट्रीय रग्बी प्रतियोगिता में खेलेंगे टिकेश्वरी और श्रद्धा



**रायपुर।** देहरादून उत्तराखंड में 08 से 13 जुलाई तक आयोजित राष्ट्रीय रग्बी प्रतियोगिता के लिए स्वामी आत्मानंद स्कूल हसदा-बेमेतरा की टिकेश्वरी निर्मलकर और श्रद्धा मरकाम का नाम चयन हुआ है। राष्ट्रीय टीम में चयन होने पर प्राचार्य दुष्यन्त कुमार परगनिहा, सरपंच चंद्रशेखर परगनिहा, ओम प्रकाश सिन्हा, उपसरपंच बलिराम धीवर, अध्यक्ष शाला विकास समिति श्रीमती संध्या परगनिहा, शिप्रा सरकार, रामेश्वरी साहू, व्यायाम शिक्षक आकाश वर्मा ने शुभकामनाए दी है। यह जानकारी स्कूल के व्यायाम शिक्षक लोकेश्वर राव ने दी।

### जिला स्तरीय बैडमिंटन के सेमी फाइनल में हुए रोमांचक मुकाबले



**रायपुर।** जिला स्तरीय के बैडमिंटन स्पर्धा विभिन्न आयु वर्ग में सप्रे शाला स्कूल में जारी है। प्री क्वार्टर फाइनल और सेमीफइनल के मुकाबलों में दर्शकों को रोमांचक खेल देखने मिला। 19 वर्ष आयु समूह बालक वर्ग एकल प्री क्वाटर फाइनल में सुशांत उके ने आरुष सचदेव को 15-12,15-12 से ,श्रेयश यादव ने समर्थ वर्मा को 15-4,15-9 से, अथर्व शर्मा ने अभिरूप बनर्जी को 15-5,15-11 से हराया।

#### पेट का असंतुलन आज एक बड़ी समस्या

# लाख कोशिशों के बाद भी कम नहीं हो रही बैली फैट, आपकी फूड हैबिट्स हो सकती है जिम्मेदार

अगर लगातार कोशिशों के बाद भी आपका बैली फैट कम नहीं हो रहा है तो हो सकता है कि इसके पीछे आपकी कुछ फूड हैबिट्स जिम्मेदार हों। जब हम वजन कम करना शुरू करते हैं तो जिद्दी बैली फैट सबसे ज्यादा परेशान करता है। अमूमन इस बैली फैट से छुटकारा पाना इतना आसान नहीं होता है। कई बार लोग वजन कम करने और बैली फैट को गायब करने के लिए दिनभर में तीन-चार कप ग्रीन टी पी जाते हैं या फिर अपना मील स्किप करना शुरू कर देते हैं, जिससे कैलोरी कम इनटेक कर पाएं। लेकिन इनसे भी कुछ नहीं होता है। अक्सर वजन तो कम होता है, लेकिन बैली फैट जाने का नाम ही नहीं लेता है। अगर आपके साथ भी ऐसा ही हो रहा है तो आपको बिल्कुल भी परेशान होने की जरूरत नहीं है। अधिकतर लोगों के साथ यह समस्या होती है।

कई बार लोग ध्यान नहीं देते हैं, लेकिन उनकी कुछ फूड हैबिट्स की वजह से उनका बैली फैट कम नहीं हो पाता है। जी हां, दिन में स्वाद के चक्कर में कुछ ज्यादा ही चावल खा लेना या फिर दिनभर में 3-4 कप मीठी चाय पूरी मेहनत पर पानी फिर जाता है। कुछ लोग तो यह भी मानते हैं कि वो तो घर का बना खाना खाते हैं, लेकिन फिर भी उनका बैली फैट गायब क्यों नहीं होता। तो चलिए आज इस लेख में सेंट्रल गवर्नमेंट हॉस्पिटल के ईएसआईसी अस्पताल की डाइटीशियन रितु पुरी आपको कुछ ऐसी ही फूड हैबिट्स के बारे में बता रही हैं, जिनकी वजह से आपका बैली फैट कम नहीं हो पाता है।



### जरूरत से ज्यादा कार्ब्स लेना

यह सच है कि कार्ब्स शरीर के तीन मुख्य मैक्रोन्यूट्रिएंट्स में से एक है और इससे शरीर को एनर्जी मिलती है। लेकिन बहुत अधिक कार्ब्स लेना भी अच्छा नहीं माना जाता है। कुछ लोग दिनभर पोहा, उपमा, पराठा, रोटी या चावल दाल खाना पसंद करते हैं। लेकिन इससे शुगर तेजी से बढ़ती है और फिर गिरती है, जिससे आपको और ज्यादा भूख लगती है। साथ ही साथ, इससे इंसुलिन रेसिस्टेंस भी बढ़ता है और ऐसे में पेट की चर्बी कम होने का नाम नहीं लेती। इसलिए, कोशिश करें कि आप बैलेंस्ड मील लें, जिसमें कार्ब्स के साथ-साथ प्रोटीन और फाइबर भी ज़रूर हो।



### एक्सपर्ट की राय

हेल्दी फूड्स के नाम पर पैक्ड आइटम्स खाना

आजकल मार्केट में हेल्दी और डाइट के लेबल के नाम पर बहुत सी पैक्ड आइटम्स मिलती हैं। अक्सर लोग हेल्दी लेबल को पढ़कर इन्हें बिना सोचे-समझे खरीद लेते हैं। लेकिन इस तरह की डाइट नमकीन, बिस्कुट या खाखरा आदि में छिपी हुई चीनी, खराब फैट और नमक बहुत ज़्यादा पाया जाता है, जो आपकी सेहत को काफी नुकसान पहुंचाता है। साथ ही साथ, इसकी वजह से बैली फैट कम होने की जगह बढ़ने लगता है। अगर आपका स्नैकिंग का मन है तो ऐसे में आप भुना चना, मखाना या खीरे व पनीर की चाट आदि खाएं।

### खाने का कोई निश्चित समय ना होना

भले ही आप हेल्दी फूड खाते हैं, लेकिन आपके खाने की कोई टाइमिंग्स नहीं है तो भी आपको बैली फैट कम करने में मुश्किल हो सकती है। कई बार लोग नाश्ता स्किप कर देते हैं तो कभी लेट नाइट डिनर करते हैं। हालांकि, जब आप ऐसा करते हैं तो इससे आपका मेटाबॉलिज़्म गड़बड़ा जाता है और फैट कम करना काफी मुश्किल हो जाता है। इसलिए, यह बेहद जरूरी है कि आप अपने खाने का एक रूटीन बनाएं और लंबे गैप से बचें।-

कई कारक बैली फैट को बढ़ाने के लिए जिम्मेदार होते हैं। खराब खानपान के अलावा एक और कारक है, जो बैली फैट को बढ़ा देता है। यह है तनाव के दौरान निकलने वाला हॉर्मोन कॉर्टिसोल। कॉर्टिसोल का हाई लेवल और लो लेवल दोनों कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं को जन्म देता है। हाई कॉर्टिसोल लेवल पेट पर जमा हो रही चर्बी का कारण बन सकता है। इन दिनों कोर्टिसोल बैली फैट के रूप में खूब ट्रेंड कर रहा है। यदि आप लगातार तनाव में रह रही हैं, तो कोर्टिसोल बैली फैट को कम करना मुश्किल हो जाता है। इसे एक्सपर्ट के बताये उपायों से कम किया जा सकता है।



### क्या है कोर्टिसोल बैली फैट

सीनियर सायकोलॉजिस्ट और कडबम हॉस्पिटल्स, बंगलूरू की कार्यकारी निदेशक नेहा कडबम बताती हैं, 'कोर्टिसोल बैली फैट को स्ट्रेस बैली भी कहा जाता है।

# भुट्टा उबालने के ये ट्रिक्स हैं बड़े काम के, दाने होंगे बेहद मीठे और नरम

आपने नोटिस किया होगा कि बाजार में मिलने वाले भुट्टे सॉफ्ट होते हैं और उनका स्वाद भी मीठा होता है, लेकिन घर पर उबाले हुए भुट्टे अक्सर हार्ड जाते हैं। इस लेख में हम आपको बताने वाले कि आप किस तरह से भुट्टे को नरम तरह से उबाल सकती हैं।बारिश की बूंदों को निहारते हुए भुट्टे खाने का मजा ही कुछ और होता है। सड़क किनारे ठेले पर मिलने वाले भुट्टे तो हम बड़े चाव से खाते हैं। उनके भुट्टे स्वादिष्ट लगते हैं। दानों में मिठास होती है और वो नरम लगते हैं। मगर ऐसा स्वाद अक्सर हमें घर पर नहीं मिल पाता। कभी भुट्टा सख्त निकल आता है, तो कभी उसमें वो मनचाही मिठास नहीं आती।

क्या आपके साथ भी ऐसा हुआ भुट्टा खाकर मन अजीब हो जाए। वो जायका न मिल पाए जिसकी आपको उम्मीद है, तो मन खराब होता ही है। मगर अब चिंता न कीजिएगा, क्योंकि आज हम आपको भुट्टा उबालने की ऐसी दो कमाल की ट्रिक्स बताने जा रहे हैं, जो आपके भुट्टे को न सिर्फ एकदम मुलायम और रसदार बना देंगी, बल्कि उनमें प्राकृतिक मिठास भी घोल देंगी। ये ट्रिक्स इतनी आसान हैं कि इन्हें आजमाने के बाद आप बाजार से भुट्टा लाना भूल जाएंगे और घर पर ही हर बार परफेक्ट मीठा भुट्टा तैयार करेंगी।

### दूध बनाएगा भुट्टे को सॉफ्ट और मीठा

यह ट्रिक सुनकर आपको शायद थोड़ा अजीब लगे, लेकिन यह भुट्टे को उबालने का एक आजमाया हुआ और बेहद कारगर तरीका है। इससे भुट्टा न सिर्फ मुलायम बनता है, बल्कि उसकी मिठास भी कई गुना बढ़ जाती है।



दूध और पानी के मिश्रण में उबला हुआ भुट्टा नरम, रसदार और मीठा होता है। दूध में मौजूद लैक्टोज और फैट भुट्टे के स्टार्च को तोड़ने में मदद करते हैं, जिससे वह नरम होता है और चीनी मिठास ऐड करती है। यह तरीका उन भुट्टों के लिए खास तौर पर फायदेमंद है जो थोड़े पुराने या सख्त हो गए हैं।

### कैसे करें इस्तेमाल?

एक बड़े बर्तन में पानी के साथ थोड़ा दूध मिलाएं। आप 3:1 या 4:1 का रेशियो रख सकती हैं यानी तीन या चार कप पानी के साथ एक कप दूध। अगर आपके पास दूध कम है, तो पानी की मात्रा थोड़ी कम कर दें और रेशियो वही रखें। अब इस पानी और दूध के मिश्रण में बिल्कुल थोड़ी-सी चीनी और एक छोटा चम्मच मक्खन डालें। मक्खन में नमक नहीं होना चाहिए। यह भुट्टे को नरम बनाने का सबसे अच्छा तरीका है।

# धन हानि से बचना है तो शाम के वक्त न करें ऐसा दान, ज्योतिष ने बताए उपाय



अगर आपको भी लगता है कि धन की हानि हो रही है, तो ऐसे में आप शाम के समय कुछ ऐसी खास चीजों का दान न करें, जिससे आपके ऊपर संकट आ जाए। इस बारे में पंडित जन्मेश द्विवेदी बता रहे हैं कि आखिर शाम के समय किन चीजों का दान निषेध होता है।

### तुलसी को न करें दान

अक्सर ऐसा कहते हैं कि तुलसी माता के रूप में पूजनीय होती है। इसे हमारे धर्म में पवित्र माना जाता है। इसलिए जब भी तुलसी लगाते हैं, तो इसका दान नहीं करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि तुलसी को देने का मतलब होता है कि आप अपने घर से धन को दे रहे हैं। ऐसे में शाम के समय तुलसी के पौधे को किसी को भी दान न करें। इससे घर में नकारात्मकता आ सकती है। आप इसे देने के लिए साफ मनाही भी कर सकते हैं।

### शाम के समय दही का न करें दान

आपको कभी भी शाम के समय दही का दान नहीं करना चाहिए। दही को चंद्र का कारक माना जाता है। यह वस्तु आपके जीवन में धन की हानि का कारण बन सकती है। इसलिए अगर आपको जीवन में स्थिरता लानी है, तो आपको इसे शाम के समय दान नहीं देना चाहिए। इससे आपकी ऊर्जा पॉजिटिव बनी रहेगी।

### शाम क समय नमक का न करें दान

नमक को घर में नेगेटिविटी को दूर करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। इसे ऊर्जा और संतुलन से जोड़कर देखा जाता है। वास्तु के अनुसार अगर आप शाम के समय इसका दान रते हैं, तो इससे घर में कलर, आर्थिक तंगी और स्वास्थ्य से जुड़ी परेशानियां हो सकती हैं। यह आपके शुक्र और राहु को भी खराब कर सकता है।



# हेल्दी आदतें ही रखेंगी बीमारियों से कोसो दूर

लगभग सभी लोग एक अच्छी जीवनशैली जीना चाहते हैं और हर व्यक्ति की नजरों में एक अच्छी जीवन शैली की परिभाषा अलग हो सकती है। ऐसे में सवाल उठता है कि एक हेल्दी जीवनशैली में कौन-कौन सी आदतें होनी चाहिए। आइए इस लेख में इसी के बारे में विस्तार से जानते हैं। आज की आधुनिक जीवनशैली में स्वस्थ रहना अपने आप में एक बड़ी चुनौती बन चुका है। फास्ट-फूड, सेडेंट्री लाइफस्टाइल और अधिक स्क्रीन टाइम हमारी सेहत को बुरी तरह प्रभावित कर रहे हैं। ऐसे में बहुत से लोगों के दिमाग से सवाल आता है कि एक स्वस्थ जीवन शैली कैसी होनी चाहिए और इसमें कौन-कौन सी आदतें होनी चाहिए? आइए इस लेख में इसी सवाल का जवाब जानते हैं। दरअसल, एक स्वस्थ जीवनशैली में वो सभी आदतें होनी चाहिए जो आपके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य दोनों को स्वस्थ रखता हो। ये आदतें न केवल आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता (इम्यूनिटी) को मजबूत करती हैं, बल्कि हृदय रोग, डायबिटीज और तनाव जैसी आधुनिक जीवनशैली से जुड़ी गंभीर समस्याओं के जोखिम को भी काफी हद तक कम करती हैं। ये छोटी-छोटी आदतें ही वास्तव में एक अच्छी और स्वस्थ जीवनशैली का आधार हैं, जो आपको बीमारियों से कोसों दूर रख सकती हैं। ऐसी ही चार महत्वपूर्ण हेल्दी आदतों के बारे में आपको जानना चाहिए, जो हर किसी की लाइफस्टाइल का हिस्सा होना चाहिए।

### नियमित व्यायाम



व्यायाम स्वस्थ जीवन का आधार है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, सप्ताह में कम से कम 150 मिनट मध्यम तीव्रता का व्यायाम, जैसे तेज टहलना, साइकिलिंग या योग, करना चाहिए। यह हृदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, ब्लड शुगर और कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करता है, और मांसपेशियों को मजबूत करता है। रोजाना 30-40 मिनट का टहलना या योगासन, जैसे सूर्य नमस्कार, तनाव कम करते हैं और मेटाबॉलिज्म को बढ़ाते हैं। इसलिए व्यायाम को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं।

### संतुलित आहार

संतुलित आहार स्वास्थ्य की नींव है। डाइट में हरी सब्जियां, फल, साबुत अनाज, प्रोटीन (दाल, पनीर, अंडे) और हेल्दी फैट (नट्स, एवोकाडो) शामिल करें। चीनी, तले-भुने खाद्य पदार्थ और प्रोसेस्ड फूड से बचें। नाशपाती, सेब और जामुन जैसे मौसमी फल इम्यूनिटी बढ़ाते हैं, इसलिए इन्हें अपनी डाइट में शामिल करें। रोजाना 2-3 लीटर पानी पिएं, जो शरीर को हाइड्रेट रखता है और विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालता है। इस बात का विशेष ध्यान रखें कि रोज एक तय समय पर ही भोजन करें।

### पर्याप्त नींद

नींद की कमी तनाव, मोटापा और कमजोर इम्यूनिटी का कारण बनती है। रोजाना 7-8 घंटे की गहरी नींद जरूरी है। यह मस्तिष्क को तरोताजा रखती है, हार्मोनल संतुलन बनाए रखती है और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाती है। सोने से पहले स्क्रीन टाइम (मोबाइल, टीवी) कम करें और शांत वातावरण बनाएं।



#### कार्नर न्यूज

#### जीवन के पथ पर आगे बढ़ने से पहले कर लें जरूरी तैयारी

# शादी से पहले लव बड्र्स को उठाने चाहिए कुछ जरूरी कदम, रिश्ता होगा मजबूत और खुशहाल

अगर आपकी शादी आपके बॉयफ्रेंड के साथ होने वाली है, तो आपको ऐसे कदम जरूर उठाने चाहिए, जो आपको शादी से पहले करना चाहिए। हर लव बड्र्स चाहते हैं कि उनकी शादी बड़ी धूमधाम से हो। ऐसे में अगर आपकी शादी आपके बॉयफ्रेंड के साथ होने वाली है, तो ये खबर आपके लिए बेस्ट हो सकती है। आज हम आपको ऐसे तीन काम के बारे में बताएंगे, जो आपको शादी से पहले करना चाहिए। इन काम को कर आप अपने रिश्ते को मजबूत बना सकती हैं।



### दोनों साथ में समय बिताएं और कहीं घूमने का करें प्लान

अगर कुछ महीनो में आपकी शादी होने वाली है, तो शादी से पहले आप अपने होने वाले हस्बैंड के साथ किसी ट्रिप पर जाने का प्लान कर सकती है। आप उसके साथ कुछ समय बिता सकती हैं। ऐसा करने से आप एक दूसरे को अच्छे से जान सकेंगी और दोनों एक दूसरे की पसंद ना पसंद को समझ सकेंगे। आप अपने होने वाले हस्बैंड के साथ डेट पर भी जा सकती हैं।

### होने वाले हस्बैंड के परिवार से मिले

अगर आपकी भी कुछ महीनो में शादी होने वाली है, तो आपको शादी से पहले अपने होने वाले हस्बैंड की फैमिली से भी जरूर मिलना चाहिए। आपको उनके साथ कुछ समय बिताना चाहिए, ताकि आप अपने हस्बैंड की फैमिली को अच्छे से समझ सके और दोनों के बीच में रिश्ते मजबूत बन सके। अगर आप ऐसा करती हैं, तो आपको शादी के बाद अकेलापन या अजीब महसूस नहीं होगा।

### भविष्य में जिम्मेदारियों पर करें बात

शादी से पहले लव बड्र्स को भविष्य से जुड़ी जिम्मेदारियों के बारे में भी बात करना चाहिए। इससे आपको शादी के बाद किसी तरह की कोई परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। आप पैसे और खर्चों को लेकर भी आपस में खुलकर बात कर सकते हैं। इसके अलावा आप चाहें तो शादी से पहले ही बच्चों से जुड़ी जरूरी बातें भी कर सकते हैं। ऐसा करने से भी आपका रिश्ता मजबूत हो सकता है। ये सभी टिप्स आपके रिश्ते को मजबूत बनाने में बहुत मदद करेंगी।



